

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 26 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष -42 ■ अंक-119 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 27 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## मन की बात: मोदी ने रक्षा क्षेत्र की उपलब्धियां गिनाईं

**नई दिल्ली,26 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों को कारगिल विजय दिवस की बधाई दी। पीएम मोदी ने 'कैच द रेन' अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि गांव और शहर, दोनों जगह लोगों ने इसमें जमकर हिस्सा लिया। इसके बाद नौसेना की ताकत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में आईएनएस महेंद्रगिरि को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है। यह आधुनिक युद्धपोत पूरी तरह भारत में ही डिजाइन और बना है, जिसमें 75 प्रतिशत से ज्यादा सामान अपने देश का लगा है। यह आत्मनिर्भर भारत का एक बेहतरीन उदाहरण है। पीएम मोदी ने बताया कि इस महीने डीआरडीओ ने लंबी दूरी की 'पिनाका' गाइडेड रॉकेट और हाल ही में कुशा मिसाइल का सफल टेस्ट किया है। इसका श्रेय हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की कड़ी मेहनत को जाता है। उन्होंने आगे कहा कि आज चाहे रक्षा सामान बनाना हो, उन्हें दूसरे देशों को बेचना हो या दोस्तों के साथ रिश्ते मजबूत करना हो, भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में इंडोनेशिया दौरे के दौरान ब्रह्मोस और अस्त्र मिसाइल को लेकर एक बड़ी डील हुई है। आज पूरी दुनिया का भारत की टेक्नोलॉजी और रक्षा हथियारों पर भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

## शोरूम में गाड़ियों की बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी

**रायपुर,26जुलाई।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित लाभांडी के शिवनाथ मोटर्स महिंद्रा शोरूम में गाड़ियों की बिक्री के बीच धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शोरूम में टीम लीडर के पद पर कार्यरत कर्मचारी ने ग्राहकों का भरोसा जीतकर वाहन बुकिंग और डाउन पेमेंट के नाम पर करीब 10 लाख 24 हजार 853 रुपये अपने निजी खाते में जमा करा लिए। आरोपी ने अलग-अलग ग्राहकों से लाखों रुपये वसूले हैं। रकम लेने के बाद न तो ग्राहकों को वाहन क्रय की प्रक्रिया पूरी कराई गई और न ही पैसा कंपनी के खाते में जमा किया गया। जब शोरूम प्रबंधन ने आरोपी से हिसाब मांगा तो उसने टालमटोल शुरू कर दिया। कुछ समय बाद उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया और संपर्क से बाहर हो गया। इसके बाद कंपनी ने अपने स्तर पर लेन-देन की जांच की, जिसमें पता चला कि ग्राहकों से ली गई राशि कंपनी के खाते में जमा ही नहीं हुई। इसके बाद एचआर मैनेजर ने तेलीबांधा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर तेलीबांधा पुलिस ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश कर रही है ।

## दिल्ली में सभी मेट्रो स्टेशन खुले

**नई दिल्ली,26 जुलाई।** नई दिल्ली में जंतर-मंतर के पास चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच बंद किए गए दिल्ली मेट्रो के सभी स्टेशनों को अब आम लोगों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से अपील की है कि वे शांतिपूर्वक प्रदर्शन स्थल से हटकर अपने-अपने घर लौट जाएं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (DMRC) की ओर से भी पुष्टि की गई है कि सभी मेट्रो स्टेशन सामान्य यात्रियों के लिए खोल दिए गए हैं। इससे पहले राजीव चौक, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट और मंडी हाउस जैसे प्रमुख स्टेशनों को खोले जाने की जानकारी सामने आई थी।

## पीतल कारोबारी के ठिकानों पर ईडी-आईटी की दबिश



**बलौदा बाजार,26 जुलाई।** नगर के गौरव पथ स्थित पीतल सामान के कारोबारी राजकुमार सराफ के मकान और कारखाने में देर रात ईडी व आईटी की टीम ने छापा मारा है. बताया जा रहा है कि कारोबारी के लड़के शराब के कारोबार से भी जुड़े हुए हैं. एक तरफ घर के अंदर ईडी-आईटी के अधिकारी अपनी तफ्तीश कर रहे हैं, वहीं बाहर स्थानीय पुलिस के जवान तैनात हैं. घर से बाहर निकले अधिकारी ने कुछ भी कहने से इंकार किया है. लेकिन इतना जरूर है कि कारोबारी परिवार राजनीतिक पहुंच वाला है, जिसकी वजह से इस कार्रवाई को मनी लांड्रिंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है.

## कारगिल विजय दिवस: राष्ट्रपति,पीएम ने किया वीर शहीदों को नमन

**नई दिल्ली,26 जुलाई।** आज 26 जुलाई 2026 को भारत 27वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को कारगिल विजय दिवस के मौके पर भारतीय सेना के वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि दी. इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर लिखा, 'कारगिल विजय दिवस के मौके पर मैं उन बहादुर योद्धाओं को विनम्र श्रद्धांजलि देती हूँ जिन्होंने हमारी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी जान दे दी. इस दौरान उन्होंने 1999 के कारगिल युद्ध में देश की संप्रभुता और सीमाओं की रक्षा के लिए सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया.आज पूरा देश 'कारगिल विजय दिवस' पर भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी इस अवसर पर वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की है.

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि अत्यंत विषम परिस्थितियों में उनके अदम्य साहस का प्रदर्शन सदैव राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बना रहेगा. पूरा देश उन बहादुर सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करता है जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अदम्य साहस और समर्पण का परिचय दिया.

कारगिल विजय दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर लिखा, 'कारगिल विजय दिवस के मौके पर मैं उन बहादुर योद्धाओं को विनम्र श्रद्धांजलि देती हूँ जिन्होंने हमारी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी जान दे दी. कारगिल विजय दिवस पर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर योद्धाओं को मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। उनका अद्वितीय पराक्रम, अडिग संकल्प और अनन्य राष्ट्रभक्ति हमारी सेना की गौरवशाली परंपरा के अप्रतिम उदाहरण हैं। देश, सदैव उनका ऋणी रहेगा।

इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस और असाधारण शौर्य का प्रतीक है.'कारगिल विजय दिवस' भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और अद्भुत पराक्रम का प्रतीक है। वर्ष 1999 में हिमालय की दुर्गम बर्फीली चोटियों पर विषम परिस्थितियों और शत्रु के ऊँचाई पर स्थित मोर्चों के बावजूद, हमारे वीर जवानों ने 'ऑपरेशन विजय' के माध्यम से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक पर आयोजित विजय दिवस समारोह में हिस्सा लिया.

## राहुल गांधी ने छात्रों पर हुए हमले को लेकर मांगा जवाब

**नई दिल्ली,26 जुलाई।** दिल्ली के जंतर-मंतर से 20 जुलाई को आयोजित 'संसद मार्च' के दौरान छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े जाने की घटना को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार को घेरा है। इसे लेकर राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है और पूछा कि छात्रों को मारने का आदेश किसने दिया? अमित शाह को पत्र लिखकर राहुल गांधी ने लिखा, "मैं 20 जुलाई, 2026 को दिल्ली में शांतिपूर्ण विरोध कर रहे छात्रों पर हुए बर्बर हमले के लिए जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए यह पत्र लिख रहा हूं। किसी भी लोकतंत्र के लिए शांतिपूर्ण विरोध बहुत जरूरी है। इस तरह की बर्बर हिंसा हर नियम को तोड़ती है और इसने देश को आक्रोशित कर दिया है। हमारे देश का भविष्य युवा और छात्र जवाब और जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। उनकी आवाज सुनी जाएगी।"

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा है, "मैं दिल्ली में 20 जुलाई 2026 को शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए बर्बर



हमले के लिए जवाबदेही की मांग करते हुए यह पत्र लिख रहा हूं। हमारे छात्र एक निष्पक्ष और जवाबदेह शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे थे। उनकी बात सुनने के बजाय, सुरक्षा बलों ने उन पर अंधाधुंध बल प्रयोग किया, जिसमें घातक हथियार और आंसू गैस शामिल थे। सैकड़ों छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं। महिला छात्राओं पर पुलिसकर्मियों द्वारा हमला किया गया, जिसमें उनके निजी अंगों को निशाना बनाया गया।" उन्होंने आगे लिखा, "सबसे चौंकाने वाली बात घातक पेलेट गन का इस्तेमाल है। मीडिया और सोशल मीडिया रिपोर्ट्स में स्पष्ट रूप से दिखाया गया है कि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें एक पत्रकार भी शामिल है। मैंने 19 वर्षीय छात्र साहिल लोचब से मुलाकात की, जो पेलेट गन से गोली लगने के कारण बहुत दर्द में है और संभवतः एक आंख खो सकता है।" राहुल गांधी ने कहा कि दिल्ली में तैनात सुरक्षा बल अंततः आपके अधीन काम करते हैं, इसलिए मैं पूछता हूं- गृह मंत्री के रूप में, क्या आपने छात्रों के खिलाफ घातक बल के इस्तेमाल को मंजूरी दी थी?

## प्रह्लाद जोशी ने संभाला पदभार

**नई दिल्ली,26 जुलाई।** नवनियुक्त केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कहा कि उन्होंने दायित्व और विनम्रता की भावना के साथ यह जिम्मेदारी स्वीकार की है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "प्रधानमंत्री ने मुझे एक जिम्मेदारी सौंपी है। मैं इस जिम्मेदारी को कर्तव्य भावना और विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं।" उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पिछले 12 वर्षों में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की गई हैं। पिछले चार-पांच वर्षों में धर्मेंद्र प्रधान ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मैं अपनी पूरी क्षमता के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करूंगा।" धर्मेंद्र प्रधान के शनिवार को पद से इस्तीफा देने के बाद जोशी को शिक्षा मंत्री नियुक्त किया गया। जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह उपभोक्ता मामलों के मंत्री हैं। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के खिलाफ देशभर में कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में छात्रों ने



विरोध प्रदर्शन किए। प्रदर्शनों के बीच, धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने त्यागपत्र में कहा कि यह उनके लिए "व्यक्तिगत प्रतिष्ठा" का विषय नहीं है और पिछले 10 दिनों के दौरान हुई घटनाओं से वह व्यथित हैं।राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर प्रधान का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति ने कैबिनेट मंत्री जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपने का निर्देश दिया है।

## शासकीय कार्यक्रमों में टेंट-पंडाल, साउंड, लाइटिंग के बकायों की हर महीने देनी होगी जानकारी

**रायपुर,26 जुलाई।** लोक निर्माण विभाग ने शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन में लगाये गये टेंट एवं पंडाल, साउंड सिस्टम, लाइटिंग व्यवस्था के बकायों के निराकरण के लिए अब कदम उठाना शुरू दिया है. इस कड़ी में विभाग के सचिव ने प्रमुख सचिव को हर महीने ईफाइल (eFile) के माध्यम से बीते महीने तक के भुगतान व लंबित जानकारी देने के लिए पत्र लिखा है. लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने प्रमुख अभियंता को पत्र लिखकर स्पष्ट किया कि विभाग को प्रतिवर्ष ''अतिविशिष्ट व्यक्तियों के भ्रमण मद'' के तहत आबंटन प्राप्त होता है. इस आबंटन के आधार पर ही कार्यक्रमों में मंच, सुरक्षात्मक बेरिकेटिंग, टेंट लाइट, साउण्ड सिस्टम इत्यादि की व्यवस्था की जाती है. सचिव ने अधिकारी को निर्देशित किया कि 31 मार्च 2026 तक आयोजित शासकीय कार्यक्रमों के तमाम लंबित देयकों की गहन जांच कराकर निराकरण करा लें.

इसके साथ 1 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक हुए शासकीय कार्यक्रमों के देयकों का भी नियमानुसार जाँच कर 25 जुलाई तक निराकरण सुनिश्चित करने कहा है. इसके अलावा स्पष्ट किया गया है कि किसी भी माह में आयोजित कार्यक्रमों के बकाया उसी माह के अंतिम तिथि के पूर्व प्राप्त करने के साथ विधिवत जांच के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए अंतिम भुगतान कर File के माध्यम से प्रमुख अभियंता उन्हें प्रत्येक माह eFile के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराएंगे.

## भाजपा के लोग कांग्रेस के नेताओं कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करवाने का षडयंत्र कर रहे

रायपुर,26 जुलाई । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि दिल्ली के जंतर मंतर सहित देश भर में मोदी के खिलाफ बने वातावरण से भाजपा बौखला गयी है। कल महिला आयोग अध्यक्ष ने हमारे दो नेताओं सुरेन्द्र वर्मा तथा भाटापारा के संजय बघेल के खिलाफ तीन दिन में कार्यवाही करने का निर्देश पुलिस को दिया है। हमारे नेताओं ने ऐसा क्या किया है, जो उनका पक्ष सुने बिना महिला आयोग ने कार्यवाही के निर्देश दिया है। सुरेन्द्र वर्मा ने दिल्ली के जंतर मंतर में लाखो की संख्या में जो बच्चे प्रोटेस्ट कर रहे थे, उन पर दमन पूर्वक की गयी कार्यवाही का विरोध किया, छात्राओ और महिलाओं के साथ हुई पुलिसिया बर्बरता के खिलाफ सोशल मीडिया में चल रहे प्रतीकात्मक फोटो को पोस्ट किया है, जो कि वहां की हकीकत है, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित तमाम सोशल मीडिया देश की बेटियो के साथ किये गये अत्याचार के वीडियो और फोटो से भरे पड़े है। महिला आयोग को तो दिल्ली पुलिस को नोटिस देना चाहिये। वह हमारे नेता के खिलाफ कार्यवाही करने निर्देश दे रही। आयोग की अध्यक्ष जान ले, अब वे संवैधानिक पद पर है, भाजपा की नेता नही, पद की मर्यादा का ख्याल रखे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने अपनी नाकामी के लिए इस्तीफा दिया है, लेकिन उनके इस्तीफे से बात खत्म नहीं हो रही। दिल्ली के जंतर मंतर में छात्रों के साथ जो बर्बरता हुई है, जो अमानवीय लाठीचार्ज हुआ है, उसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जनता से माफी मांगे तथा इस्तीफा दे। सरकार जनता के विश्वास खो चुकी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नकटी प्रभावितो के मामलो में सरकार पूरी तरह से उदासीन बनी हुयी है। लगभग 1 महीने होने जा रहे है, सरकार वहां के ग्रामीणों के संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं ले पाये। कांग्रेस पार्टी एवं प्रभावित लोग कलेक्ट्रेट से लेकर राज्यपाल तक तथा सरकार के अन्य मंत्रियों एवं प्रतिनिधियों के पास भी गुहार लगा चुके है। लेकिन सरकार का रवैया प्रभावितो की समस्या का निराकरण नहीं दिख रहा है।

## बलगी सब स्टेशन में सशस्त्र डकैती,नकाबपोश बदमाशों ने गार्ड को पीटा

**कोरबा,26 जुलाई।** कोरबा जिले के एसईसीएल बलगी सब स्टेशन में नकाबपोश बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया. 15 से 20 की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड पर जानलेवा हमला कर दिया और उसका मोबाइल समेत अन्य सामान लूटकर फरार हो गए. हमले में गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. मामला बांकी मोंगरा थाना का है. घायल सुरक्षा गार्ड संजय कुमार ने बताया कि वह रात की शिफ्ट में ड्यूटी पर तैनात थे. रात करीब 11:10 बजे 15 से 20 नकाबपोश बदमाश सब स्टेशन परिसर में घुस आए. डंडे, चाकू और लोहे की रॉड से लैस बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई है. सब स्टेशन परिसर में चोरी के सभी आरोपी मौके से भाग निकले,संजय कुमार ने बताया कि सब स्टेशन में चोरी की घटनाएं पहले भी होती रही हैं, लेकिन रात में उन्हें अकेले ड्यूटी करनी पड़ती है, जिससे उनकी जान को खतरा बना रहता है. उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती की गई थी, लेकिन बाद में उन्हें वापस बुला लिया गया. इसके अलावा सब स्टेशन परिसर में पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था नहीं से अंधेरे का फायदा उठाकर चोर आसानी से वारदात को अंजाम दे देते हैं. बांकी मोंगरा थाना प्रभारी चमन सिन्हा ने बताया कि घटना की



सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है. साथ ही आरोपियों की तलाश में जुट गई है. मामले में आगे की कार्रवाई जारी है.

## मंजिल पर पहुंचने से पहले बस सवार पति लापता

### पत्नी ने पुलिस में दर्ज कराई गुमशुदगी

**धमतरी,26 जुलाई।** धमतरी से एक अजीब मामला निकलकर सामने आ रहा है, जहां एक व्यक्ति अपने कार्य स्थल तक जाने के लिए बस में बैठा तो जरूर पर बीच में ही वह कहीं गायब हो गया. परिवार को जब इस बात की जानकारी हुई तो फौरन ही पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई. दरअसल, पूरा मामला थाना सिटी कोतवाली का है, जहां अब तक 700 से ज्यादा पोस्टमार्टम कर चुकी नरहरपुर में रहने वाली संतोषी दुर्गा, जिन्हें अयोध्या में राममंदिर से प्रधानमंत्री का न्योता आया था, अपने पति रविन्द्र दुर्गा को धमतरी बस स्टैंड छोड़ने आई थीं. रवींद्र को ओडिशा जाने के लिए बस में बिठाकर संतोषी वापस नरहरपुर लौट गईं. लेकिन जब दो-तीन दिनों तक पति से बात नहीं हुई तो उन्होंने उनके कार्यस्थल पर संपर्क किया. पता चला कि रविंद्र ओडिशा पहुंचे ही नहीं हैं. अनहोनी की



आशंका से संतोषी तुरंत धमतरी पहुंची और सिटी कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. अब पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है.

## अब शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के इस्तीफे की मांग ,राजधानी में छात्रों का प्रदर्शन

**रायपुर,26 जुलाई।** धर्मेंद्र प्रधान के बाद अब छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के इस्तीफे की मांग उठ रही है. राजधानी रायपुर के अंबेडकर चौक में रविवार को बड़ी संख्या में छात्र एकजुट हुए हैं. 12वीं बोर्ड के हिंदी विषय के पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है. इस प्रदर्शन को एनएसयूआई का भी समर्थन मिला है. जानकारी के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने पेपर लीक जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त और प्रभावी कानून लागू करने की मांग की. उनका कहना था कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है, इसलिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मजबूत कानूनी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए. प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने री-नीट एग्जाम से जुड़ी घटनाओं के बाद आत्महत्या करने वाली हरिका राव के परिवार को उचित मुआवजा



और न्याय देने की भी मांग की. प्रदर्शन को एनएसयूआई का भी समर्थन मिला. एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल होकर छात्रों की मांगों के समर्थन करने पहुंचे हैं.

## कैस्पियन सागर में अपने जहाज पर यूक्रेनी हमले से भड़का ईरान

**तेहरान,26 जुलाई।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कैस्पियन सागर में एक ईरानी कमर्शियल शिप पर यूक्रेन की तरफ से किए गए हमले की कड़ी आलोचना की और यूक्रेन पर संभावित जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी। ईरान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के अंतर्गत अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा की रक्षा करने में तेहरान जरा भी संकोच नहीं करेगा। प्रेस टीवी की तरफ से प्रसारित मंत्रालय के एक स्टेटमेंट के मुताबिक, यह हमला बीते शनिवार की सुबह हुआ, जिससे ईरानी कमर्शियल शिप पर ब्लास्ट हुआ। इस घटना में एक सेलर की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। ईरान ने यूक्रेनी एक्शन की निंदा करते हुए इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2 (4) का उल्लंघन कहा। ईरान ने इस अटैक को व्यापक क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने के मकसद से की गई "आक्रामकता" करार दिया। ईरानी कमर्शियल शिप पर हमला करके यूक्रेन ने न सिर्फ इंटरनेशनल लेवल पर गलत कार्य किया है, बल्कि खतरनाक तरीके से असुरक्षा फैलाने की भी कोशिश की है: ईरानी विदेश मंत्रालय



प्रेस टीवी के मुताबिक, ईरानी विदेश मंत्रालय ने ये भी कहा कि ईरान ने "रूस-यूक्रेन युद्ध में कभी दखल नहीं दिया" है। साथ ही, ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, UN के सभी सदस्य देशों और यूरोपीय देशों से यूक्रेन को जवाबदेह ठहराने की अपील की। ईस्टर्न यूरोप और आसपास के क्षेत्रों में शांति-सुरक्षा को लेकर सचमुच चिंतित किसी भी पक्ष को यूक्रेन की सरकार के इस खतरनाक कदम पर जिम्मेदार रुख अपनाना होगा और यूक्रेन को इस उकसावे वाले काम के लिए जवाबदेह ठहराना चाहिए: ईरानी विदेश मंत्रालय प्रेस टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने वॉर्निंग दी है कि परिस्थितियां और बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी यूक्रेन और उसके अंतरराष्ट्रीय समर्थकों की होगी, और साथ ही उसने बचाव में जवाबी एक्शन करने के लिए अपनी तैयारी होने का भी संकेत दिया। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के फ्रीज पैसों को लेकर ऐलान किया था कि जहाजों और कार्गो की नुकसान की भरपाई उसी से होगी। इसको लेकर ईरान भड़क गया था।

# आयुक्त ने औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों में तेजी और गुणवत्ता पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 26 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त श्रीमती सुरुचि सिंह ने शनिवार सुबह शहर के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा आम नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सबसे पहले नेहरू भवन, सुपेला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सुपेला सब्जी मंडी पहुंचकर जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। मंडी में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए ड्रेनेज सिस्टम की समीक्षा करते हुए सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात श्रीमती सिंह ने चंद्रा मौर्या के सामने निर्माणाधीन हाइजीनिक फूड जोन का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता, स्वच्छता और निर्धारित मानकों का विशेष रूप से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को आधुनिक एवं स्वच्छ सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निरीक्षण के दौरान नव निर्मित ई-बस स्टैंड तथा वार्ड क्रमांक 8 स्थित गांधी चौक क्षेत्र की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। इसके अलावा स्मृति नगर वार्ड क्रमांक 2 की ड्रेनेज व्यवस्था का निरीक्षण कर जलभराव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता एवं परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समापन पर आयुक्त श्रीमती सुरुचि सिंह ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए तथा उन्हें तय समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहरवासियों को पेयजल, सफाई, जल निकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। साथ ही नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जाए, ताकि भिलाई शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सुविधायुक्त बनाया जा सके।

# हाउसकीपिंग अभियान में 15 दिनों के श्रमदान से हटाया 680 टन मलबा, स्क्रैप



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 जुलाई।** बीएसपी के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने कार्यस्थलों को अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सीएसपी-1 क्षेत्र में विशेष हाउसकीपिंग अभियान चलाया। विभाग के मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा की प्रेरणा से लगभग 15 दिनों तक चले इस अभियान में वर्षों से जमा मलबे और स्क्रैप को हटाकर उपेक्षित क्षेत्र को नया स्वरूप देने की दिशा में कार्य किया गया। अभियान का नेतृत्व उप महाप्रबंधक एस. बरगठ एवं उप महाप्रबंधक सुनील गुप्ता ने किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक आनंद खरात, उप प्रबंधक अभिलाष सिंह, अभियंता सहायक मनोज शर्मा तथा सहायक महाप्रबंधक अवनीत शुक्ला सहित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया। अभियान के दौरान डंप कार की सहायता से लगभग 600 टन प्रोसेस डस्ट (मलबा) हटाया गया। वहीं मैग्नेटिक फाउलर एवं ट्रकों की मदद से करीब 80 टन स्क्रैप तथा दो ट्रक अनुपयोगी कन्वेयर बेल्ट का सुरक्षित निष्पादन किया गया।

## एक नजर

### ज्यादा दाम पर खाद बेचा, जुर्म दर्ज

**भिलाई, 26 जुलाई (तछसं.)।** निर्धारित शासकीय दर से अधिक कीमत पर उर्वरक बेचने के मामले में कुम्हारी थाने पुलिस ने कुम्हारी स्थित मेसर्स ऋषभराज फर्टिलाइजर के संचालक मनीष गुप्ता के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई उर्वरक निरीक्षक सह कृषि विकास अधिकारी क्षेत्र कुम्हारी सरिता साहू की शिकायत पर की है शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 13 जून को जिला स्तरीय दल और उर्वरक निरीक्षक ने ऋषभराज फर्टिलाइजर का निरीक्षण किया था। इस दौरान दुकान में नीम कोटेड यूरिया की 139 बोरी और एनपीके की 144 बोरी का स्टाक मिला जांच के दौरान जिला स्तरीय दल के सदस्य कार्यालयीन चौकीदार रमेश ठाकुर ने ग्राहक बनकर उर्वरक खरीदने की बात कही आरोप है कि संचालक ने यूरिया की कीमत

550 रुपये और एनपीके की कीमत 2100 रुपये प्रति बोरी बताई। बताया गया कि बिक्री के दौरान पीओएस मशीन में यूरिया की कीमत 266 रुपये और एनपीके की कीमत 2,197 रुपये दर्ज की गई ग्राहक द्वारा कीमत में अंतर को लेकर सवाल करने पर दुकानदार ने कथित तौर पर कहा कि सरकार को यही मूल्य दिखाना पड़ता है इसके बाद ग्राहक को कच्चा बिल दिया गया, जिसमें दोनों उर्वरकों की कुल कीमत 2,650 रुपये अंकित थी। राशि का भुगतान फोन-पे से किया गया सूचना मिलने पर जिला स्तरीय दल ने तत्काल दुकान पहुंचकर जांच की और उर्वरक का भौतिक सत्यापन किया इस के बाद दोनों प्रकार के उर्वरक की जब्ती कर पंचनामा तैयार किया गया उर्वरक निरीक्षक ने आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम का उल्लंघन बताते हुए संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है ।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत



**भिलाई, 26 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई टाउनशिप के सेंट्रल एवेन्यू में 24 जुलाई की सुबह हुए सड़क हादसे, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई थी, के बाद दुर्ग पुलिस और भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) प्रबंधन ने संयुक्त रूप से घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य दुर्घटना के कारणों का आकलन कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय तय करना था संयुक्त निरीक्षण के दौरान सड़क की स्थिति, दृश्यता और यातायात व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण किया गया अधिकारियों ने उन स्थानों को चिह्नित करने का निर्णय लिया, जहां रात के समय दृश्यता कम रहती है ऐसे स्थानों पर रेडियम साइन, रिफ्लेक्टर, कैट्स आई और अन्य आवश्यक सड़क सुरक्षा उपकरण लगाए जाएंगे, ताकि वाहन चालकों को मार्ग स्पष्ट दिखाई दे और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो वरिष्ठ अधिकारियों ने बनाई कार्ययोजना दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) कौशलेंद्र देव पटेल, यातायात डीएसपी (यातायात) विंध्यराज, भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी तथा बीएसपी प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुधार कार्य जल्द शुरू करने पर सहमति जताई। उनका कहना है कि पुलिस और बीएसपी के समन्वय से टाउनशिप की सड़कों को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए चरणबद्ध तरीके से सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

### महिला की शिकायत पर जुर्म दर्ज

**भिलाई, 26 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई नगर थाना ने मारपीट व गालीगलौज के मामले में सास आशा कनौजिया और ननद मनीषा कनौजिया के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351 (3) के तहत अपराध दर्ज किया है जानकारी के अनुसार रुआबांधा निवासी एक ( 30 साल ) महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 24 जुलाई दोपहर 12 बजे उनकी सास आशा कनौजिया द्वारा जब से शादी कर आयी हो तब से नंदु कनौजिया जेल में है, तुम मनहुस हो, कहते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट की मनीषा ने भी मारपीट में मां का साथ दिया इस मारपीट से उन्हें चोंटे आई है इस शिकायत के बाद भिलाई नगर थाने पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है ।

### गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 26 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर घेराबंदी की कार्रवाई के दौरान एक नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर नियमानुसार तलाशी ली तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 500 ग्राम अवैध गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 25,000 है, बरामद किया साथ ही गांजा परिवहन में प्रयुक्त हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटर साइकिल एवं नथिंग कंपनी का एक मोबाइल जब्त किया है।

# बारिश में बढ़ जाता है आर्थराइटिस और संक्रमण का खतरा, रहें सतर्क: डॉ. लाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 26 जुलाई।** बारिश का मौसम जहां गर्मी से राहत देता है, वहीं यह हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी लेकर आता है। इस दौरान आर्थराइटिस (गठिया) के दर्द में वृद्धि, संक्रमण का खतरा और फिसलकर गिरने से होने वाली चोटों की आशंका भी बढ़ जाती है। ऐसे में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। देश के प्रख्यात ऑर्थोपेडिक सर्जन, जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर, सेक्टर-9 के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुपम लाल ने तरुण छत्तीसगढ़ से अनौपचारिक चर्चा में बताया कि बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान और बढ़ती मोटापे की समस्या के कारण हड्डियों एवं जोड़ों से जुड़ी नई-नई बीमारियां तेजी से सामने आ रही हैं। इन बीमारियों पर देश-विदेश में लगातार शोध भी किया जा रहा है। डॉ. लाल ने कहा कि मोटापा (ओबेसिटी) आर्थराइटिस का सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है। शरीर का बढ़ा हुआ वजन घुटनों और कूल्हों के जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव डालता है, जिससे घुटनों की घिसावट तेज होती है और दर्द बढ़ने लगता है। इसके अलावा जंक फूड, अनियमित दिनचर्या और शारीरिक गतिविधियों की कमी से शरीर का मेटाबॉलिज्म प्रभावित होता है, जिससे हड्डियों का स्वास्थ्य भी कमजोर पड़ता है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में नमी बढ़ने से गठिया के मरीजों को जोड़ों में अकड़न और दर्द अधिक महसूस होता है। वहीं गीली और फिसलन भरी सड़कों पर गिरने से फ्रैक्चर और अन्य गंभीर चोटों का खतरा भी बढ़ जाता है। मधुमेह और बुजुर्ग मरीजों में संक्रमण का जोखिम भी इस मौसम में अधिक रहता है। डॉ. लाल ने लोगों को सलाह दी कि नियमित व्यायाम करें, वजन नियंत्रित रखें, संतुलित एवं कैल्शियम-प्रोटीन युक्त भोजन लें, पर्याप्त धूप लें तथा चिकित्सक की सलाह के बिना दवाइयों का सेवन न करें। बारिश में बाहर निकलते समय फिसलन से बचने के लिए उपयुक्त जूते पहनें और बुजुर्ग विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि जोड़ों में लगातार दर्द, सूजन या चलने-फिरने में कठिनाई होने पर इसे सामान्य मौसमी परेशानी मानकर नजरअंदाज न करें, बल्कि समय रहते ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ से परामर्श लें। समय पर जांच और उपचार से आर्थराइटिस की गंभीरता को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

# रक्तदान-महादान विषय पर कला मंदिर भिलाई में बैठक आयोजित

**दुर्ग, 26 जुलाई ।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग द्वारा जिला चिकित्सालय में संचालित ब्लड बैंक में रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नियमित स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कला मंदिर, सिविक सेंटर भिलाई जिला दुर्ग में 'रक्तदान-महादान' विषय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, औद्योगिक, व्यापारी संघ, महिला समूहों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने कहा कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में जनभागीदारी से सर्वसुविधायुक्त ब्लड बैंक का सफल संचालन किया जा रहा है। इस ब्लड बैंक के माध्यम से जिला चिकित्सालय में भर्ती गंभीर एवं जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जाता है, जिससे अनेक लोगों की जान बचाई जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य पूरे वर्ष के लिए नियमित रक्तदान शिविरों का वार्षिक कैलेंडर तैयार करना है, ताकि प्रत्येक संस्था, संगठन एवं समाज रक्तदान शिविर आयोजित कर सके। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने बताया कि डिजिटल पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आईआईटी भिलाई के सहयोग से एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से यह जानकारी उपलब्ध रहेगी कि किस संस्था या संगठन ने कितनी यूनिट रक्तदान किया है, वर्तमान में ब्लड बैंक में कितनी यूनिट रक्त उपलब्ध है तथा अन्य आवश्यक जानकारी भी डिजिटल रूप से दर्ज रहेगी। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि थैलेसीमिया, एनीमिया, सिकल सेल रोग, गर्भवती महिलाओं एवं प्रसूताओं जैसे गंभीर मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। वहीं अन्य मरीजों से शासन द्वारा निर्धारित शुल्क लिया जाता है।रक्तदाताओं एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर श्री सिंह ने एक नई पहल करते हुए कहा कि यदि कोई संस्था, समाज या संगठन रक्तदान करता है और उसके द्वारा अनुशंसित ऐसा व्यक्ति, जो शासन की निःशुल्क रक्त श्रेणी में शामिल नहीं है, रक्त की आवश्यकता होने पर उसे संस्था द्वारा प्रदाय किए गए रक्त में से एक चौथाई निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाएगा।

# सिंगल यूज प्लास्टिक, गंदगी और सड़क बाधा पर नगर निगम ने की कार्रवाई और वसूला जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 26 जुलाई।** निगम आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार आकाशगंगा प्रतिष्ठान एवं सब्जी मंडी क्षेत्र में विशेष जांच व चालानी कार्रवाई अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, प्रतिष्ठानों के आसपास गंदगी फैलाना तथा मंडी में अवैध रूप से दुकानों के सामने सामान रखकर सड़क बाधित करने वालों पर सख्त रुख अपनाते हुए कुल 4,200 रु का सड़क बाधा व जुर्माना शुल्क वसूला गया। जगन्नाथ नाश्ता सेंटर गंदगी व साफ-सफाई न रखने पर 400 रुपए, राजेश चाय ठेला सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर 100 रुपए, महादेव फर्नीचर, अवैध रूप से सड़क बाधित करने पर 50 रुपए, मेवा लाल गुपचुप ठेला सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर 200 रुपए, श्री राम फर्नीचर सड़क बाधित करने पर 50 रुपए, मोहन भाई सब्जी सेंटर सड़क बाधित करने पर 200 रुपए, लाल मणि यादव (ड्राइवर) सड़क बाधा उत्पन्न करने पर 200 रुपए, रज्जू पोल्ट्री फार्म अवैध रूप से वाहन खड़े कर सड़क बाधित करने पर 3,000 रुपए कुल वसूल की गई राशि 4,200 रुपए है। कार्रवाई के दौरान पोल्ट्री फार्म मालिक द्वारा लिखित व मौखिक रूप से यह आश्वासन दिया गया कि दो दिनों के भीतर मंडी क्षेत्र में मुर्गियों से भरी गाड़ियां खड़ी करना बंद कर दिया जाएगा।

### सरस्वती नगर में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन, विजेताओं को किया गया सम्मानित

**दुर्ग, 26 जुलाई।** नगर पालिक निगम/प्रधानमंत्री आवास योजना (एसपी घटक) अंतर्गत सरस्वती नगर आवास परिसर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आवासीय परिसर के हितग्राहियों में राष्ट्रीय भावना, रचनात्मकता एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। नगर पालिक निगम दुर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं कविता (पोयम) प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर सहायक अभियंता हरिशंकर साहू ने प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

# कम्यूनिटी मीडियेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम सौहार्द, सहमति और सामाजिक समरसता की ओर एक सशक्त कदम

**दुर्ग, 26 जुलाई ।** संवाद से समाधान, मध्यस्थता से सम्मान और सौहार्द से सशक्त समाज का निर्माण के मूल उद्देश्य को साकार करते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर तथा माननीय न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के प्रेरणादायी नेतृत्व में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ( के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा दिनांक 25 जुलाई 2026 से 29 जुलाई 2026 तक आयोजित पांच दिवसीय कम्यूनिटी मीडियेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़) के चतुर्थ तल स्थित नवीन सभागार में आयोजित भव्य उद्घाटन समारोह के साथ किया गया।कम्यूनिटी मीडियेशन अर्थात् सामुदायिक मध्यस्थता ग्रामीण भारत में सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द एवं वैकल्पिक विवाद समाधान की संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं जनहितकारी पहल है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाले सामाजिक, पारिवारिक, पड़ोसी, भूमि एवं अन्य सामुदायिक विवादों का न्यायालयों तक पहुंचने से पूर्व ही आपसी संवाद, सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना है।

# मेधावी विद्यार्थियों का समारोह आयोजन कर किया सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 जुलाई।** बीएसपी के शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा आठवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में 25 जुलाई को भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी ए.बी. श्रीनिवास तथा विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक श्रीमती शिखा दुबे थीं। दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। श्रीमती शिखा दुबे ने विद्यार्थियों से मेहनत, ईमानदारी, अनुशासन, सामान्य ज्ञान, पर्यावरण संरक्षण तथा किसी एक रुचि या हॉबी को विकसित करने का आह्वान करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। मुख्य अतिथि श्री ए.बी. श्रीनिवास ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनकी सफलता का श्रेय अभिभावकों एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को भी दिया। इस अवसर पर बीएसपी के विभिन्न विद्यालयों के 26 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिह्न एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्राओं न्यासा जोन नंद एवं आराध्या गुप्ता ने अपने सफलता के अनुभव साझा कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। संचालन श्रीमती सजीथा राजेश ने किया तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

# श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सुमधुर भजन गाकर मन मोहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 26 जुलाई।** शहर के प्रसिद्ध विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने सुरो से बांधा समां। अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा गीत - संगीत के लिए जाने - जाने वाले विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक विद्यालय में सुमधुर भजन संध्या एवं कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस आयोजन में सभी प्रतिभागियों ने अपनी मनमोहक स्वर से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस आयोजन में कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के बच्चों ने अपने सुरीले एवं कर्णप्रिय सुरों की प्रस्तुति दी। इस कड़ी में सर्वप्रथम कार्यक्रम का आगाज 'साँवरी सूरत पे मोहन' द्वारा किया गया। अगली कड़ी में क्रमशः विद्यार्थियों द्वारा 'जगन्नाथ चका नैन', 'मन में बसाकर तेरी मूरती', 'यशोमती मैया के', 'साँसों की माला पे','आमापान के पतरी' - इस प्रकार के मनमोहक से बोले गीतों से दर्शकों में हर्षोल्लास छा गया। सभी ने आनंदपूर्वक इन प्रस्तुतियों का मजा लिया। एक ओर राम, कृष्ण व शिव के गीत को दर्शको ने सराहा वहीं दूसरी ओर देवी के जसगीतों पर श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। इस प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी में भार्गवी मानिकपुरी व गीतांशी वर्मा ने प्रथम, सौम्या चन्द्रवंशी ने द्वितीय, भव्य सिंह चौहान व अभिनव शर्मा ने तृतीय स्थान तथा एलकेजी से तानवी साहू, परिधि तिवारी व तृप्ति भारती ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा यूकेजी में अमिका चन्द्रवंशी ने प्रथम, श्रीमौली शर्मा ने द्वितीय तथा अश्विका तिवारी व कमाक्षी वैष्णव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1लीं से 2रीं वर्ग के विद्यार्थियों में हिमानी चौरसिया को प्रथम, अवनी चन्द्रवंशी को द्वितीय तथा सौम्यल चन्द्राकर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं कक्षा 3रीं से 5वीं वर्ग में अदविका रावत प्रथम, अनमोल द्विवेदी द्वितीय , पूनम चन्द्रवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं माध्यमिक स्तर में जैसल तिवारी व आराध्या नामदेव ने प्रथम, आराध्या तिवारी व रीना साहू ने द्वितीय तो निधी चन्द्रवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल वर्ग में आर्या त्रिपाठी, स्नेहा राजपूत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं देवनंदिनी रात्रे व प्रसिद्धि नामदेव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रसोत्कटता के इस माहौल में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम. शारदा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ ही बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है और ऐसे ही छोटे-छोटे आयोजनों से बड़े कलाकर का जन्म होता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक डॉ. आदित्य चन्द्रवंशी सर और समस्त शिक्षकगण ने विद्यार्थियों की सुर साधना को सराहा।

## सतनामी समाज के अपमान पर अचानकपुर सरपंच के खिलाफ अपराध दर्ज

**पाटन,26 जुलाई।** सतनामी समाज की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं को आहत करने तथा समाज का कथित रूप से अपमान करने के मामले में अचानकपुर के सरपंच देवानंद साहू के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। इस कार्रवाई का भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ ने स्वागत करते हुए निष्पक्ष जांच और दोषी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता भास्कर चेलक ने जारी बयान में कहा कि किसी भी समाज की आस्था, सम्मान और संवैधानिक अधिकारों के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी या कृत्य स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। भास्कर चेलक ने कहा कि भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर विधि अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास न करे।

एक नजर

### रोशन साहू बने साहू संघ जिला बलौदाबाजार युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री

**सिमगा 26 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** साहू समाज के सक्रिय एवं युवा कार्यकर्ता रोशन साहू को साहू संघ जिला बलौदाबाजार के युवा प्रकोष्ठ का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति साहू संघ के जिला अध्यक्ष माननीय सुनील साहू जी, जिला महासचिव रवि साहू जी एवं युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नागेश्वर साहू की अनुशंसा पर की गई है। रोशन साहू इससे पूर्व भी विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में वे भारतीय जनता युवा मोर्चा, मंडल कौशलपुर के अध्यक्ष के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी नियुक्ति से समाज के युवाओं में हर्ष का माहौल है तथा उनसे समाज हित में और अधिक प्रभावी कार्यों की अपेक्षा की जा रही है। इस अवसर पर श्री रामनाथ साहू, बाबूलाल साहू भुवन साहू, मांधाता साहू, नारायण साहू, संतोष साहू, रोहित साहू, हेमलाल साहू, राहुल साहू, हितेश साहू एवं दिनेश साहू अंशु साहू रिखी राम साहू लोकनाथ साहू ईश्वर साहू ओंकार साहू लोकेश साहू बलराम साहू सहित अनेक समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने रोशन साहू को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।



### शराब कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 26 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 24.07.2026 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रवान में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से कुल 3600 कीमत मूल्य का 36 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी क्र. ष्टत्22 ड्ड 8933 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।

### पुलिस अधीक्षक ने ली जिले की पहली विस्तृत 'अपराध समीक्षा बैठक'



**बलौदाबाजार 26 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने और लंबित मुकदमों के त्वरित निराकरण हेतु पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय (ढ्ढक्क) द्वारा आज दिनांक 25.07.2026 को प्रातः 10:00 बजे से पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में अपनी प्रथम विस्तृत 'अपराध समीक्षा बैठक' आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय ने सभी प्रभारियों को हिदायत दी कि जन-सुरक्षा में किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नहीं होगी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना/चौकी प्रभारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।.सांथ ही बैठक में जिले के समस्त थानों एवं चौकियों के कार्य प्रदर्शन की गहराई से समीक्षा की गई। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री खोमन सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्री हेमसागर सिदार, श्री तारेश साहू (एसडीओपी भाटापारा), श्री संजय साहू (उप पुलिस अधीक्षक, यातायात), श्री राजेश श्रीवास्तव (उप पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय), उषा ठाकुर (रक्षित निरीक्षक) सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस कार्यालय का विभागीय स्टाफ उपस्थित रहा।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़ 26 जुलाई।** पर्यावरण को हरा-भरा और सुरक्षित बनाने के राष्ट्रीय संकल्प के तहत् आज दिनांक 25 जुलाई 2026 को विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय डोंगरगढ़ परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत् एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा? उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों सहित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के बच्चों के सहयोग से नीम आंवला पीपल,आम,अमरूद, जामुन ,बांस,सोनपत्ती नींबू,सागोन सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार वृक्षों के लगभग 50 पौधे रोपित किए गए तथा उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों तथा बच्चों द्वारा पौधों की सुरक्षा एवं संवर्धन का दृढ़ संकल्प लिया गया। इस दौरान विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा ने कहा कि इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखना है तथा उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत् विकास खंड के सभी विद्यालय परिसरों में इको क्लब के माध्यम से पौधे रोपित किए जा रहे हैं तथा पोषण वाटिका और किचन गार्डन भी विकसित किए जा रहे हैं उनके द्वारा पौध रोपण पश्चात् निर्धारित पोर्टल में जियो टैग आनलाइन प्रविष्टि के बारे में भी जानकारी दी गई।

वृक्षारोपण दौरान उमेश हथेल जिला अध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राजनांदगांव ने इस अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह वृहद अभियान ग्लोबल वार्मिंग? तथा जलसंकट जैसी भविष्य की गंभीर समस्या से निजात पाने में एक ठोस कदम साबित होगा।

सहायक राज्य आयुक्त एवं अध्यक्ष विकास खंड डोंगरगढ़ श्री दविन्दर सिंह भाटिया जी ने कहा कि पेड़ों से हमें शुद्ध वायु, आक्सीजन तथा छांव मिलता है तथा पृथ्वी को स्वस्थ और समृद्ध बनाए रखने के लिए इनका संवर्धन हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस अभियान में देवेन्द्र अम्बादे जिला सचिव भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, मयुख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त सहित भारत,अमृत दास साहू संकुल समन्वयक, विकास खंड शिक्षा कार्यालय के कर्मचारी प्रणय तांबेकर,बलीराम उइके, प्रमोद सिन्हा,सुधाकर वारेन,संतोष यादव, श्रीमती किरण लिल्हारे सहित ?भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के छात्र छात्राओं का इस अभियान में विशेष सहयोग एवं योगदान रहा।

# पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा छत्तीसगढ़

■ राजनांदगांव में 4120 घरों में लगे रूफ्टॉप सोलर संयंत्र, 1155 परिवारों का बिजली बिल हुआ शून्य

■ प्रदेश में क्रियान्वयन के मामले में पांचवें स्थान पर राजनांदगांव, ग्राम पंचायतों में नियमित हो रही पीएम सूर्य सभा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 26 जुलाई।** प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव जिला इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। योजनागत उपलब्धियों के आधार पर राजनांदगांव प्रदेश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। जिले में अब तक योजना के अंतर्गत 8 हजार 256 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 4 हजार 120 हितग्राहियों के घरों पर रूफ्टॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि शेष प्रकरणों में दस्तावेजों के सत्यापन, संयंत्र स्थापना एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं। योजना के तहत अब तक 3 हजार 205 हितग्राहियों को शासन की ओर से सब्सिडी का लाभ मिल चुका है। वहीं 1 हजार 155 परिवारों का बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। ये परिवार अब अपनी आवश्यकता के अनुरूप सौर ऊर्जा का उपयोग कर बिजली खर्च में उल्लेखनीय बचत कर रहे हैं। कई हितग्राही अतिरिक्त उत्पादित बिजली को ग्रिड में भेजकर ऊर्जा उत्पादन में भी भागीदार बन रहे हैं।

प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले की सभी जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से पीएम सूर्य सभा आयोजित की जा रही है। इन सभाओं में नागरिकों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, सब्सिडी की जानकारी तथा रूफ्टॉप सोलर संयंत्र स्थापना की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी मौके पर ही प्राप्त किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार शासन द्वारा सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। योजना का उद्देश्य घरेलू बिजली व्यय में कमी लाने, स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने तथा ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करना है। राजनांदगांव जिले की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि प्रभावी जनजागरूकता, समयबद्ध क्रियान्वयन और हितग्राही-केंद्रित प्रयासों से प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में ऊर्जा क्रांति का आधार बन रही है।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने अपने घरों में सोलर पेनल लगाने आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रेरित किया

नगर पालिक निगम के टाऊन हाल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने निगम में कार्यरत अधिकारियो व कर्मचारियो की बैठक लेकर उनसे चर्चा कर योजना की जानकारी दी। बैठक मे आयुक्त श्री मरकाम ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की महती योजना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। इस योजना से अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करने की जरूरत है। योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का शासन द्वारा प्रावधान है एवं बैक से ऋण लेने की सुविधा भी उपलब्ध है। घर की बिजली की खपत के अनुसार एक, दो या तीन किलोवॉट का सोलर पैनल लगाना है। आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियो से कहा कि बिजली खर्च के बचने अपने घर में सोलर पेनल जरूर लगावे और अपने लोगो को भी प्रेरित करे। इस योजना के संबंध में आवेदन करने, अनुदान राशि, ऋण, सोलर पैनल लगाने, ऑन लाईन एपलीकेशन है, जिसमें आधार कार्ड, बिजली बिल, मकान का दस्तावेंज आदि के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि गत दिनों माननीय विधानसभा अध्यक्ष जी ने अपने निवास कार्यालय में लगभग 4 सौ लाभार्थियो जिनका बिजली बिल शुन्य हो गया उनसे सीधा संवाद किए। इसका तात्पर्य यह है कि सोलर पेनल लगाने से लाभ मिल रहा है, और हमसब अधिकारी कर्मचारी अपने घरो में लगा इसका लाभ ले। बैठक में कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### कोहका नेवरा में शहीद स्मारक चौक का निर्माण कार्य प्रारंभ, पूर्व सैनिक संगठन ने जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा 26 जुलाई।** ग्राम कोहका (नेवरा) स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास शहीद स्मारक चौक का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह निर्माण पूर्व सैनिक समाज कल्याण संगठन, तिल्दा-नेवरा की मांग पर कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार संगठन के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंक राम वर्मा से मुलाकात कर शहीद स्मारक चौक निर्माण की मांग रखी थी। मंत्री द्वारा 10 लाख रुपये की स्वीकृति दिए जाने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। यह परियोजना लगभग 10 लाख रुपये की लागत से तैयार की जा रही है। पूर्व सैनिक समाज कल्याण संगठन ने शहीदों की स्मृति में बनने वाले इस स्मारक के लिए मंत्री टंक राम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है। संगठन का कहना है कि यह स्मारक देश के वीर जवानों के सम्मान और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने का कार्य करेगा।

### भाजपा महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष व पार्षद रानी सौरभ जैन के जन्मदिन 28 जुलाई को होंगे विभिन्न आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 26 जुलाई।** जनसेवा, राष्ट्रसेवा एवं संगठन के प्रति समर्पण की सशक्त पहचान,महिला सशक्तिकरण की बुलंद आवाज़, कर्मठ, जुझारू एवं लोकप्रिय जननेत्री श्रीमती रानी सौरभ जैन पार्षद, वार्ड क्रमांक 21 (मिशन वार्ड),एवं अध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा तिल्दा शहर मंडल, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सासहोली का जन्मदिवस 28 जुलाई को है। इस दिन विभिन्न अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं उनकी सक्रिय कार्यशैली, संगठन के प्रति अटूट निष्ठा एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने का संकल्प सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। आपके नेतृत्व में तिल्दा-नेवरा विकास, सुशासन एवं जनविश्वास की नई पहचान बनकर निरंतर आगे बढ़ता रहे, यही मंगलकामना की गई है। ईश्वर से कामना की गई कि आपको सदैव स्वस्थ, यशस्वी एवं जनसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रखें।

## लॉन्ग एशिया ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म से 10 राज्यों में की अरबों रुपए की ठगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 26 जुलाई।** लॉन्ग एशिया ट्रेडिंग प्लेटफर्म के जरिए 10 राज्यों के एक लाख से अधिक निवेशकों से अरबों रुपए की कथित ठगी के मामले में शुक्रवार को डोंगरगढ़ में हड़कंप मच गया। शाम लगभग 4 बजे के आसपास करीब 10 राज्यों के 100 से अधिक निवेशकों ने मामले से जुड़े एक आरोपी की तलाश में रेलवे चौक स्थित वेसलिएन चर्च के पास स्थित एक मकान का घेराव करने लगे। इससे सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई थी। वहीं स्थानीय लोगों ने उन्हें किसी के घर में जबरन प्रवेश करने के बजाय पुलिस में सूचना देने कहा गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और निवेशकों को सड़क से हटाकर शांत कराया गया। जिसके बाद निवेशकों से जिस थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी हुई है, उस थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, पंजाब, कर्नाटक, गोवा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश जैसे करीब 10 राज्यों के 100 से अधिक निवेशक डोंगरगढ़ पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि पांच लोगों ने लॉन्ग एशिया ट्रेडिंग प्लेटफर्म बनाई थी, जिसमें जूम मीटिंग और अन्य माध्यमों से अधिक मुनाफे का लालच देकर लोगों को निवेश के लिए पिछले कुछ वर्षों से प्रेरित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि शुरुआती वर्षों में अच्छा रिटर्न मिलने से बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जमा-पूंजी, यहां तक कि बैंक में जमा रकम भी निकालकर निवेश कर दिया है। निवेशकों के अनुसार, फरवरी 2026 से ऐप में लगातार 'टेक्निकल इश्यू' बताकर निकासी रोक दी गई। इससे निवेशकों के अरबों रुपए फंस गए हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में एक लाख से अधिक निवेशक इसके शिकार हुए हैं। इस मामले में थाना प्रभारी भूषण चंद्राकर ने बताया कि विभिन्न राज्यों से आए निवेशकों ने अपने साथ हुई ऑनलाइन ठगी की जानकारी दी है, लेकिन अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। निवेशकों को सलाह दी गई है कि जिस थाना क्षेत्र में उनके साथ ऑनलाइन ठगी हुई है, वे पहले उस संबंधित थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराएं। यदि जांच के दौरान डोंगरगढ़ पुलिस के सहयोग की आवश्यकता होगी तो नियमानुसार सहयोग किया।

## ग्राम रोहांसी के बंधवा तालाब पार में जुआ खेलते 5 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 26 जुलाई।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में असामाजिक गतिविधियों, जुआ-सट्टा एवं अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा जुआरियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। पुलिस ने ग्राम रोहांसी में तालाब पार घेराबंदी कर ताश की पत्तियों से जुआ खेल रहे 05 आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

मुखबीर की सूचना पर पुलिस की रेड कार्रवाईः- दिनांक 25.07.2026 को जरिए मुखबीर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रोहांसी के बंधवा तालाब पार में कुछ व्यक्ति ताश की 52 पत्तियों से रुपये-पैसे का दांव लगाकर 'काट पत्ती' नामक जुआ खेल रहे हैं। ?सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा मुखबीर के बताए स्थान ग्राम रोहांसी बंधवा तालाब पार में दबिश दी गई। मौके पर 05 जुआरियों को पुलिस ने मौके पर ही रंगे हाथों धर दबोचा। जब्त सामग्री एवं वैधानिक कार्रवाईः- पकड़े गए आरोपियों की मौके पर तलाशी लेने तथा फड़ से कुल नकद रकम ?2,010/- (दो हजार दस रुपये) एवं 52 पत्ती ताश को विधिवत जप्त किया गया। आरोपियों का यह कृत्य धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का पाए जाने पर थाना पलारी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### श्री नर्मदेश्वर भगवान भोलेनाथ प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पूजा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 26 जुलाई।** राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ नगर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित माँ रणचंडी मंदिर प्रांगण में समस्त वार्डवासियों के सहयोग से श्री भगवान श्री नर्मदेश्वर भोलेनाथ जी की प्राण प्रतिष्ठा पूजा एवं धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा, भक्ति और वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे और भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन, हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जहाँ भक्तिमय वातावरण और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई।

इस पावन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा सहित नगर के कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा मंदिर समिति एवं वार्डवासियों को इस धार्मिक आयोजन की सफलतापूर्वक संपन्नता के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद एवं भोग प्रसाद का वितरण किया गया। समाजसेवी हरविंदर सिंह मंगे, प्रकाश बिंदल, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रिंस कक्कड़, परवींदर सिंह मोन्टी, हरीश मोटघरे, सुमीत ताम्रकार, विरेन्द्र साहू, विक्की भाटिया, सोनल सिन्हा, अखिलेश गढ़ेवाल, सप्पु, मयंक डोंगरे, ज्योती बड़वाईक, पुनम ठाकुर, प्रतिभा कल्चुरी, संतोषी यादव, मान बाई, रजनी मुनेश्वर, सीता धुर्वे, कविता यादव, गोल्डी यादव, पायल नेताम, दिव्या राजपूत, नितीन नेहा यादव, रश्मि मनिष दुबे, भुना सेन, रेवती सेन, राधा नेताम, पुनम सिंह राजपूत सभी ने भोग प्रसाद वितरित कर सेवा कार्य में अपनी सहभागिता निभाई। प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। समस्त वार्डवासियों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। इस संबंध में आयोजन समिति की ओर से अचला सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्डवासियों के सामूहिक सहयोग से यह धार्मिक आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा। नगरपालिका अध्यक्ष से मांग रखे हैं प्रांगण में चेकर टाईल्स एवं बाउंड्री वॉल, चबुतरा वृक्षारोपण का फेंनसिग तार के द्वारा हम लोग हर साल वृक्षारोपण करते हैं, उसके लिए जाली की व्यवस्था होना मुश्किल होता है।

# डोंगरगढ़ विकासखंड में संपर्क स्मार्ट शाला गणित एवं अंग्रेज़ी प्रशिक्षण आयोजित

■ 222 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण, डिजिटल एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण को मिलेगा नया आयाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 26 जुलाई।** जिला कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में संपर्क फाउंडेशन एवं समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद स्कूल डोंगरगढ़ में विकासखंड स्तरीय संपर्क स्मार्ट शाला गणित एवं अंग्रेज़ी प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। 222 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश व्यवहारे, एपीसी श्री मरकाम सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए विद्यालयों में संपर्क टीवी एवं संपर्क टीएलएम (ञ्जद्गड्डष्द्धद्बठ्ठद स्रुड्डह्ठ्ठद्गठ्ठद स्ल्ड्डह्लद्गह्लद्धड्डद्य) किट के नियमित एवं प्रभावी उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं एफएलएन (स्नशह्वठ्ठस्रड्डह्लद्बशठ्ठड्डद्य स्रद्बह्लद्गह्म्ड्डष्4 ड्डठ्ठस्र हृह्वद्वद्गह्म्ड्डष्4) के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए तकनीक आधारित, नवाचारी एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण आज की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिला संपर्क फाउंडेशन के माध्यम से पूरे देश में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अग्रणी जिलों में शामिल है। जिले के शिक्षक संपर्क टीवी एवं संपर्क टीएलएम किट का सर्वाधिक प्रभावी उपयोग कर विद्यार्थियों को स्मार्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर उसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के लिए भी सभी शिक्षकों को प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन फाउंडेशन,प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर श्री राजेश साहू, मैनेजर श्री सुजय विश्वास ,श्री विजय अनेस्वरी एवं सुश्री आनंदा तिवारी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को एससीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित गणित एवं अंग्रेज़ी के डिजिटल लेसन प्लान, वर्कशीट, आकलन प्रक्रिया, 'तेज दिमाग' गतिविधियाँ, बी-फिट (क्च-स्नद्बह्ल), ऑडियो-वीडियो शिक्षण सामग्री तथा गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धतियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने समूह चर्चा में सक्रिय भागीदारी करते हुए डिजिटल शिक्षण, दक्षता-आधारित मूल्यांकन, प्रभावी कक्षा प्रबंधन तथा विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों में सुधार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विद्यालयों में संपर्क स्मार्ट शाला मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। समापन अवसर पर सभी शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में संपर्क टीवी एवं टीएलएम किट का नियमित उपयोग करते हुए छात्र-केंद्रित, तकनीक-सक्षम एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में निरंतर सुधार लाने का संकल्प लिया। ह प्रशिक्षण शिक्षकों की क्षमता संवर्धन, डिजिटल शिक्षा के विस्तार तथा राजनांदगांव जिले में गुणवत्तापूर्ण, नवाचारी एवं तकनीक-सक्षम शिक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। प्रशिक्षण के सफल आयोजन में मीडिया प्रभारी श्री अमिताभ दुफारे, श्री डलेश्वर देवांगन, श्री जितेंद्र चौरे, श्रीमती पुष्पांजलि चंद्राकर एवं श्री राजेश देवांगन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सकारात्मक सोच रखने वाले युवा तो मोदी के साथ हैं

हर आंदोलन का एक संदेश होता है और हर आंदोलन का एक सबक भी होता है और हर आंदोलन से सभी राजनीतिक व गैरराजनीतिक संगठनों को भी यह जानने का मौका मिलता है कि यह आंदोलन सफल हुआ तो क्यों हुआ,हमारा आंदोलन सफल क्यों नहीं होता है। हम वही मुद्दा उठाते हैं तो लोग हमारे साथ क्यों नहीं आते हैं। एक आंदोलन का सफल नेता देश के दूसरे तमाम नेताओं के लिए आईना साबित होता है कि इसे जो सफलता मिली विपक्ष के नेताओं को क्यों नहीं मिली। वह अपनी असफलता छुपाने और एक नेता की सफलता को नकारने के लिए कहते हैं कि यह किसी नेता का आंदोलन नहीं था,यह तो युवाओं का आंदोलन था और युवाओं का आंदोलन सफल रहा है। यह युवाओं का आंदोलन तो था लेकिन युवा तो सोच के आधार पर दो तरह के होते हैं एक युवा सकारात्मक सोच वाले होते हैं, वह चाहते हैं कि व्यवस्था में जो भी खामी है, वह खामी सुधारी जाए और उस खामी से उनको जो नुकसान हो रहा था, वह नुकसान भविष्य में उनको न हो। उनका भरोसा संविधान में दिए गए शांतिपूर्ण विरोध में रहता है,वह नहीं चाहते हैं कि आंदोलन के नाम पर देश में हिंसा की जाए, तोडफ़ोड़ की जाए, पुलिस वालों को पीटा जाए, उनका सर फोड़ा जाए। देश के नेताओं को गाली दी जाए, देश के लोगों की आस्था का अपमान किया,आंतकवादियों व अलगाववादियों का समर्थन किया जाए। दूसरे युवा नकारात्मक सोच वाले होते हैं इनकी संख्या कम होती है लेकिन यह आंदोलन के नाम पर व्यवस्था व सरकार से लडऩे के लिए पहले कहीं धरना प्रदर्शन करते हैं, फिर सड़क पर उतर कर हिंसा,तोडफ़ोड़ कर पुलिस को उकसाते हैं, मजबूर करते हैं किसी तरह की कार्रवाई करने के लिए. पुलिस जब कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपना काम करती है तो वह खुद को विक्टिम की तरह पेश करते हैं और पुलिस जो लाखों लोगों के लिए शांति व्यवस्था बनाती है,लाखों लोगों को तकलीफ से बचाती है, उसे खलनायक की तरह पेश करते हैं। उसके बाद देश के कई राज्यों में यही नकारात्मक सोच वाले युवा जो किसी न किसी दल के युवा होते हैं अराजकता फैलाने का काम करते हैं। ऐसे में सरकार के सामने सबसे पहला काम तो यही होता है कि वह देश में अराजकता न फैलने दे, इसके लिए सबसे आसान तरीका यही होता है कि नकारात्मक सोच वाले युवा क्या चाहते हैं,उसे मान लिया जाए।नकारात्मक सोच वाले युवा तो शिक्षा परीक्षा व्यवस्था में कोई बदलाव की मांग नहीं की, उनकी एक ही मांग थी कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। युवाओं की इसी मांग का समर्थन देश का विपक्ष भी कर रहा था, यानी संसद के बाहर व भीतर जो अराजकता फैलाई जा रही थी, वह मात्र शिक्षामंत्री के इस्तीफे से बंद हो सकती थी जो सरकार के लिए कोई मुश्किल काम नहीं था और सरकार ने यह काम कर दिया है।सवाल उठता है कि यह काम आंदोलन शुरू होते क्यों नहीं किया गया। यह इसलिए नहीं किया गया क्योंकि यह काम जल्दी कर दिया जाता तो इसका कोई महत्व नहीं रह जाता और आंदोलन करने वाले सरकार को कमजोर समझते और पीएम के इस्तीफे की मांग करते इसलिए सरकार ने शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग को जल्द पूरा नहीं किया। उसे युवाओं, तमाम विपक्ष के नेताओं का बड़ा मुद्दा बनने दिया, युवा व विपक्ष मान रहे थे कि सरकार तो यह मांग नहीं मानने वाली है, क्योंकि सरकार की छवि बनी हुई थी यह सरकार मंत्रियों से इस्तीफा नहीं लेती है। जब सबका सबसे बड़ा मुद्दा शिक्षामंत्री का इस्तीफा हो गया तो सरकार ने जो शिक्षा मंत्री को पहले ही हटाने का मन बना चुकी थी, उसने शिक्षा मंत्री का हटाने का उपयोग युवाओं व विपक्ष के आंदोलन को समाप्त करने के लिए किया। अब नकारात्मक सोच वाले युवा इस बात से खुश हैं कि उनका आंदोलन सफल रहा,उन्होंने सरकार को हरा दिया, सरकार को झुका दिया, विपक्ष भी इसी बात से खुश है सरकार फिर कमजोर सरकार साबित हुई है। सरकार जानती थी कि यह रणनीतिक आंदोलन है,इसलिए उसने रणनीतिक जवाब दिया है। समझने वाले समझते रहे कि यह मोदी की हार है और खुश होते रहें, पीएम मोदी भी यही चाहते हैं, यह इसी मुगालते में खुश रहे कि मोदी कमजोर हो गया है। मोदी की लोकप्रियता कम हो गई है, सच तो यह है कि विपक्ष को जैसे पता चला है कि युवाओं में उसका कम प्रभाव है, पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम का उपयोग कर जान लिया सकारात्मक युवाओं के बीच उनका प्रभाव कम नहीं हुआ है बल्कि और बढ़ा है। यही युवा मोदी को वोट देते हैं, यही युवा चाहते हैं शिक्षा व परीक्षा व्यवस्था में सुधार हो तो इन्हीं युवाओं के लिए पीएम ने शिक्षा व परीक्षा व्यवस्था को सुधारने का काम शुरू कर दिया है। जहां तक सीजेपी नेता अभीजीत दीपके का सवाल है तो वह राहुल गांधी सहित तमाम विपक्षी नेताओं से ज्यादा व्यवहारिक है और वह जानता है कि मोदी का इस्तीफा मांगते तो उनकी मांग कभी पूरी नहीं होती यही वजह है कि उसने वह गलती नहीं की जो राहुल गांधी व विपक्ष के नेता करते हैं।

**विश्लेषण**

# युवा शक्ति का दुरुपयोग : राष्ट्र के लिए एक गंभीर चुनौती

**अनंत शर्मा**



"किसी भी देश की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा पीढ़ी होती है। जिस देश के युवा जागरूक, शिक्षित और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित होते हैं, उस देश की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता। लेकिन यही युवा शक्ति यदि गलत दिशा में मोड़ दी जाए, तो वही राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन जाती है।"

भारत आज दुनिया का सबसे युवा देश माना जाता है। हमारे देश की लगभग आधी आबादी युवा है। यही वह शक्ति है जो नए विचारों को जन्म देती है, नई खोज करती है, देश की सीमाओं की रक्षा करती है, उद्योग स्थापित करती है, खेती को आधुनिक बनाती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। इसलिए कहा जाता है कि आज का युवा ही कल का भारत है।

लेकिन आज एक चिंताजनक स्थिति भी हमारे सामने है। अनेक बार देखने में आता है कि कुछ लोग युवाओं की भावनाओं, उनके उत्साह और उनके आक्रोश का उपयोग अपने स्वार्थ के लिए करने लगते हैं। बेरोज़गारी, शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी, सामाजिक असमानता या किसी अन्य विषय पर युवाओं के मन में असंतोष होना स्वाभाविक है। इन समस्याओं के समाधान की माँग माँग करना उनका अधिकार भी भी है। लोकतंत्र में अपनी बात कहना, सरकार से प्रश्न पूछना और अपने अधिकारों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। किंतु यह सब शांतिपूर्ण ढंग से और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए होना चाहिए। अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी स्मरण रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

समस्या तब शुरू होती है जब इन वास्तविक मुद्दों की आड़ में कुछ लोग युवाओं को उकसाकर हिंसा, तोड़फोड़ और अराजकता की ओर धकेलने लगते हैं। कई बार देखा गया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन अचानक हिंसक रूप ले लेते हैं। सरकारी बसों में आग लगा दी जाती है, रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुँचाया जाता है, सड़कों को जाम कर दिया जाता है और आम नागरिकों का जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। ऐसी घटनाओं में सबसे अधिक नुकसान देश का ही होता है, क्योंकि नष्ट होने वाली संपत्ति किसी सरकार या अधिकारी की निजी नहीं होती, बल्कि जनता के कर के पैसे से बनाई जाती है।

यह भी समझना होगा कि किसी भी आंदोलन में शामिल हर व्यक्ति हिंसा का समर्थक नहीं होता। बहुत से छात्र और युवा केवल अपनी समस्याओं को सामने रखने के लिए शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करते हैं। यदि कहीं हिंसा होती है, तो उसकी जिम्मेदारी जिन लोगों ने हिंसा की है, उनकी जाँच और कानून के अनुसार तय की जानी चाहिए। इसलिए किसी भी पूरे आंदोलन या पूरे युवा वर्ग को एक ही दृष्टि से देखना उचित नहीं है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध और हिंसा के बीच का अंतर बनाए रखना आवश्यक है।

आज सामाजिक माध्यमों ने इस चुनौती को और बढ़ा दिया है। एक झूठी खबर, अधूरा वीडियो या भड़काऊ संदेश कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुँच जाता है। बिना सच्चाई जाने लोग उसे आगे बढ़ा देते हैं। कई बार युवा भावनाओं में बहकर ऐसे संदेशों पर विश्वास कर लेते हैं और उन लोगों के पीछे चल पड़ते हैं जिनका उद्देश्य समस्या का समाधान नहीं, बल्कि तनाव और टकराव पैदा करना होता है। बाद में जब कानून अपना कार्य करता है, तब सबसे अधिक कठिनाई उन्हीं युवाओं को उठानी पड़ती है, जबकि उन्हें भड़काने वाले लोग अक्सर स्वयं सामने नहीं आते।

हाल के वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर बड़ी प्रवेश परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं को लेकर देश में चिंता और असंतोष देखने को मिला है। परीक्षा में पारदर्शिता और निष्पक्षता की माँग पूरी तरह उचित है। लाखों छात्र वर्षों की मेहनत के बाद परीक्षा देते हैं। यदि कहीं गड़बड़ी होती है, तो उसकी निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए और दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए। लेकिन इन समस्याओं के समाधान का मार्ग हिंसा नहीं हो सकता। यदि कोई समूह छात्रों की वास्तविक पीड़ा का उपयोग अपने अलग राजनीतिक या वैचारिक उद्देश्य के लिए करता है, तो उसका नुकसान अंततः छात्रों और समाज दोनों को उठाना पड़ता है।

हमने नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देशों में भी देखा है कि किस प्रकार युवाओं के माध्यम से बड़े राजनीतिक परिवर्तन हुए। अनेक विश्लेषकों का मानना है कि उन घटनाओं में बाहरी प्रभावों और विभिन्न हित समूहों की भी भूमिका रही। किंतु आज यह प्रश्न उठाना आवश्यक है कि क्या उन परिवर्तनों से वहाँ के युवाओं का जीवन वास्तव में बेहतर हुआ? बहुत से से लोग मानते हैं कि आज भी उन देशों के सामने आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक स्थिरता जैसी अनेक गंभीर चुनौतियाँ मौजूद हैं। यह विषय जटिल है और इसके कई कारण हो सकते हैं, लेकिन इतना अवश्य स्पष्ट है कि केवल सत्ता परिवर्तन से किसी देश की सभी समस्याएँ समाप्त नहीं हो जातीं। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति उसके मजबूत संस्थानों, स्थिर व्यवस्था, स्थिर शिक्षा, रोजगार और सामाजिक एकता पर निर्भर करती है।

कुछ वैसी ही स्थिति आज हमारे देश में भी दिखाई देती हैं। आज का एक वर्ग ऐसा भी है जिसे हर समस्या के लिए किसी न किसी को दोष देने की आदत पड़ती जा रही है-कभी परिवार को, कभी सरकार को और कभी पूरे तंत्र को। लेकिन अपनी गलतियों को देखने और खुद से सवाल करने की आदत कम होती जा रही है। स्वयं से यह प्रश्न बहुत कम लोग पूछते हैं कि क्या हमने देश और समाज के लिए ऐसा कोई योगदान दिया है, जिसके आधार पर हम परिवर्तन की माँग कर रहे हैं? प्रश्न पूछना लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन उसके साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है।

कटु सत्य यह है कि अनेक युवा आज भी संविधान, लोकतंत्र, नागरिक कर्तव्यों और शांतिपूर्ण विरोध की संवैधानिक मर्यादाओं को ठीक से नहीं समझते। उन्हें यह भी पता नहीं होता कि किस प्रकार का आंदोलन लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप है। है और कौन-सा तरीका कानून का उल्लंघन करता है। कई बार वे अनजाने में ऐसे लोगों के हाथों का साधन बन जाते हैं जिनके उद्देश्य राष्ट्रहित से अधिक अपने राजनीतिक या वैचारिक हित होते हैं।

मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि जिन प्रदर्शनों को पूरी तरह छात्रों का आंदोलन बताया गया, उनमें उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति संबंधित परीक्षा का अभ्यर्थी नहीं था। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध समाचारों, चित्रों और वीडियो में अनेक ऐसे मुद्दों पर भी चर्चा होती दिखाई दी जिनका प्रतियोगी परीक्षाओं की मूल समस्या से सीधा संबंध नहीं था। यदि किसी वास्तविक छात्र समस्या के मंच का उपयोग अन्य राजनीतिक या वैचारिक उद्देश्यों के लिए होने लगे, तो इससे मूल मुद्दा पीछे छूट जाता है और समाधान कठिन हो जाता है। इसलिए आवश्यक है कि किसी भी आंदोलन का केंद्र उसके वास्तविक उद्देश्य पर ही बना रहे।

जहाँ तक प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं का प्रश्न है, मैं स्पष्ट रूप से मानता हूँ कि जिन छात्रों के साथ अन्याय हुआ, वह अत्यंत दुखद और निंदनीय है। जिन विद्यार्थियों ने वर्षों तक दिन-रात मेहनत की, जिन परिवारों ने अपनी आशाएँ उन पर टिका रखीं और यदि किसी प्रकार की परीक्षा अनियमितता या प्रश्नपत्र लीक जैसी घटना हुई, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है। इसकी निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए और दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए। इस विषय में सरकार की जिम्मेदारी भी बनती है कि वह व्यवस्था की कमियों को स्वीकार करे, उन्हें दूर करे और जनता का विश्वास पुनः स्थापित करे।

लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि किसी भी समस्या का समाधान केवल दबाव, हिंसा या मनचाहे तरीके से निर्णय करवाने में है। यदि प्रत्येक समूह अपनी माँग मनवाने के लिए केवल धरना, अवरोध या दबाव का रास्ता अपनाने लगे और यह अपेक्षा करे कि सरकार केवल उसी के कहे अनुसार निर्णय ले, तो यह लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक प्रक्रिया दोनों के लिए चुनौती बन जाएगा। लोकतंत्र संवाद, कानून व्यवस्था से चलता है, न कि भीड़ के दबाव से।

मैं यह लेख किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध में नहीं लिख रहा हूँ। मेरा उद्देश्य केवल यह कहना है कि किसी एक मंत्री के इस्तीफे से यदि व्यवस्था की मूल समस्या दूर नहीं होती, तो हमें केवल व्यक्तियों पर नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार पर ध्यान देना चाहिए। सरकार से हमारी अपेक्षा होनी चाहिए कि वह समस्या की जड़ तक पहुँचे, उसे स्वीकार करे, दोषियों पर कार्रवाई करे, सुधारात्मक कदम उठाए और देश को विश्वास दिलाए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

यह देश संविधान और लोकतंत्र से चलता है। इसलिए यहाँ प्रत्येक पाँच वर्ष में जनता अपने मत से सरकार चुनती है। सरकार से प्रश्न पूछना हमारा अधिकार है, लेकिन उन प्रश्नों को पूछने की भी संवैधानिक मर्यादा होती है। यदि हम बार-बार किसी भी प्रकार के उकसावे, अफवाह या बाहरी प्रभाव के बहकावे में आते रहेंगे, तो इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होगी।


हमारे सैनिक सीमाओं पर देश की रक्षा करते हैं। उसी प्रकार देश की आंतरिक एकता, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी देश के युवाओं पर भी है। यदि युवा जागरूक, विवेकशील और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित रहेंगे, तो कोई भी शक्ति भारत की प्रगति को रोक नहीं सकेगी।

युवा शक्ति किसी भी देश की सबसे बड़ी पूँजी है। उसे भड़काने की नहीं, जागरूक बनाने की आवश्यकता है; उसे हिंसा की नहीं, विचार और विवेक की राह दिखाने की आवश्यकता है। राष्ट्र तभी मजबूत बनेगा जब उसका युवा मजबूत, जागरूक, जिम्मेदार और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित होगा। यही समय की सबसे बड़ी माँग है और यही भारत के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव भी है।

# नैतिकता नहीं,भारी युवा आक्रोश के चलते हुआ शिक्षा मंत्री का इस्तीफ़ा

**तनवीर जाफ़री**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहा छात्रों व युवाओं का



आंदोलन अभी लगभग पूरे देश में फैलता ही जा रहा था कि गत शनिवार सरकार को उन्हें पद से हटाना ही पड़ गया। आंदोलित छात्रों को केवल विपक्ष या अन्य तमाम सेलेब्रिटीज़ का ही समर्थन नहीं मिला बल्कि उन्हें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री मुरली मनोहर जोशी का भी समर्थन हासिल हुआ। जोशी ने छात्र आंदोलन को अपना समर्थन देते हुये कहा था कि 'महिलाओं और कम उम्र की लड़कियों के साथ बेरहमी से बुरा व्यवहार किया गया, जिससे उन्हें गहरा दुख हुआ। उन्होंने कहा कि छात्र कई दिनों से नई दिल्ली की सड़कों पर हैं और उनकी चिंताएँ वाजिब हैं, जिनका समाधान सहानुभूति और संवाद के माध्यम से होना चाहिए था, न कि केवल क़ानून-व्यवस्था का मामला मानकर बल प्रयोग से'। परन्तु अहंकारी सत्ता ने समय रहते शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हटाने की उनकी मांग पूरी करने के बजाय पुलिस बल का प्रयोग कर उन्हें भयभीत करने की रणनीति अपनाई। और आख़िरकार पुलिस की दमनकारी नीति सरकार को और भारी पड़ गयी। सवाल यह है कि जिस धर्मेंद्र प्रधान के जुलाई 2021 से जुलाई 2026 तक के शिक्षा मंत्री के कार्यकाल के दौरान देश में अलग-अलग स्तरों पर लगभग 70 से 80 बार पेपर लीक के मामले सामने आए हैं। जिस धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री मंत्री रहते विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं (विशेषकर NEET और UGC-NET) में हुई पेपर लीक की घटनाओं और उनके मानसिक तनाव के कारण और उसके बाद उनके भविष्य को लेकर पैदा हुई अनिश्चितता के चलते पिछले कुछ हफ़्तों में ही 21 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। और देश के करोड़ों छात्रों का भविष्य सीधे तौर पर प्रभावित हुआ,केवल NEET परीक्षा के पेपर लीक, परिणाम रद्द होने और री-टेस्ट (Re-exam) के कारण अकेले 22 लाख से अधिक (2.2 मिलियन) छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया और उन्हें दोबारा भीषण मानसिक तनाव में परीक्षा की तैयारी करनी पड़ी। इसी तरह UGC-NET परीक्षा,डार्क नेट पर पेपर लीक होने की वजह से रातों-रात परीक्षा रद्द होने के कारण 9 लाख से अधिक छात्रों का कैरियर सीधे प्रभावित हुआ। ऐसे शिक्षा मंत्री को हटाने में सरकार को आख़िर इतना समय क्यों लगा ?

दरअसल धर्मेंद्र प्रधान बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा और उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों से गहराई से जुड़े रहे हैं। उनका पूरा राजनीतिक और सामाजिक आधार संघ से ही प्रेरित रहा है। धर्मेंद्र प्रधान के पिता डॉ. देबेंद्र प्रधान ओडिशा में भाजपा के शुरुआती नेताओं में से थे और स्वयं संघ के आजीवन कार्यकर्ता रहे। डॉ. देबेंद्र प्रधान 1998-2004 के मध्य वाजपेयी सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री भी रहे । जुलाई 2021 में जब धर्मेंद्र प्रधान को केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद की ज़िम्मेदारी दी गई, तो उन्होंने देश की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) को लागू करने पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान उन्होंने पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा कर भारतीय महापुरुषों और स्वदेशी इतिहास को प्रमुखता से शामिल करने का कार्य किया, जिसे संघ के सांस्कृतिक और शैक्षिक दृष्टिकोण के अनुकूल माना किया गया। सामाजिक विज्ञान की किताबों से 2002 के गुजरात दंगे, देश में लागू हुआ आपातकाल, नक्सली आंदोलन और शीत युद्ध के दौर से जुड़े कई महत्वपूर्ण संदर्भों और अध्यायों को पूरी तरह हटा दिया गया। कक्षा 9वीं और 10वीं की विज्ञान की किताबों से जीवों के विकास के सिद्धांत यानी 'डार्विन का सिद्धांत' और आवर्त सारणी (Periodic Table) के कुछ बुनियादी अध्यायों को मुख्य पाठ्यक्रम से हटाया गया। कक्षा 10वीं के नागरिक शास्त्र से 'लोकतंत्र और विविधता', 'लोकप्रिय संघर्ष और आंदोलन' तथा 'लोकतंत्र की चुनौतियां' जैसे अध्यायों को




जाता है। धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री रहते हुए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) और नए नेशनल Curriculum मेम वर्क (NCF-SE 2023) के तहत स्कूली पाठ्यक्रमों (विशेषकर NCERT किताबों) में व्यापक बदलाव किए गए। इसमें वेदों, प्राचीन भारतीय ग्रंथों, पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन खगोल विज्ञान और भारत की समृद्ध गणितीय विरासत (जैसे प्राचीन गणितज्ञों के योगदान) से जुड़े संदर्भों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। कक्षा 6 से ही कोडिंग, वित्तीय साक्षरता,कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और स्थानीय शिल्पकला (जैसे मिट्टी के बर्तन बनाना, बाग़बानी आदि) जैसे व्यावहारिक विषयों को मुख्य पाठ्यक्रम में जोड़ा गया। स्कूली स्तर पर स्वास्थ्य, कल्याण और योग को शारीरिक शिक्षा के अनिवार्य और मुख्य मूल्यांकन का हिस्सा बनाया गया। इसी तरह NCERT की कक्षा 6 से 12वीं तक की किताबों से पाठ्यक्रम का लगभग 30% हिस्सा हटा दिया गया, जिसे लेकर काफ़ी विवाद भी हुआ। इतिहास की किताबों (विशेषकर कक्षा 12वीं) से 'मुग़ल दरबार', मुग़ल शासकों के इतिहास और उनके प्रशासनिक तौर-तरीक़ों से जुड़े कुछ विस्तृत अध्यायों और अंशों को हटाया या छोटा पाठ्यक्रम से बाहर किया गया। उस समय शिक्षा मंत्रालय और NCERT ने इन बदलावों पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा था कि यह बदलाव विशेषज्ञों की राय, विभिन्न स्तरों पर पाठों के दोहराव को रोकने और छात्रों को आधुनिक समय की ज़रूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए किए गए हैं, न कि किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत। शायद यही वजह थी कि संघ के एजेंडे को लागू करने वाली नई शिक्षा नीति के कार्यान्वन के मध्य सरकार प्रधान को हटाना नहीं चाह रही थी। परन्तु अब राजनीतिक गलियारों में अपुष्ट रूप से यह चर्चा भी हो रही है कि युवा आंदोलन के मध्य संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा सरकार को युवाओं के साथ 'संवाद और संवेदनशीलता' बरतने के दिए गए हालिया सुझाव के बाद ही सरकार ने उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने का फ़ैसला किया है। बहरहाल शिक्षा मंत्री के इस्तीफ़े के बाद देश भर में युवाओं में दौड़ती ख़ुशी के लहर इस बात का सुबूत है कि धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिकता के चलते नहीं बल्कि भारी युवा आक्रोश के चलते शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा है जिसे देश की युवा शक्ति अपनी बड़ी सफलता और जीत के रूप में देख रही है।

# लोकतंत्र में छात्रों की आवाज़ को सुनना ही लोकतंत्र की असली जीत है

**संकल्प मिश्रा**

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यहाँ जनता की आवाज़ सर्वोपरि मानी जाती है। जब किसी वर्ग के साथ अन्याय होता है या उन्हें लगता है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही, तब संविधान उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखने और आंदोलन करने का अधिकार देता है। छात्र केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे जागरूक और संवेदनशील शक्ति भी होते हैं। इसलिए जब छात्र अपने भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता जैसे मुद्दों को लेकर आवाज़ उठाते हैं, तो उस आवाज़ को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। नीट परीक्षा से जुड़े कथित पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों का आंदोलन लगभग एक महीने तक शांतिपूर्ण ढंग से चला। इस पूरे आंदोलन के दौरान छात्रों ने लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीकों का पालन करते हुए अपनी मांगों को सरकार तक पहुँचाने का प्रयास किया। लंबे संघर्ष और लगातार संवाद के बाद सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए तथा आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों के संबंध में संतोष व्यक्त करते हुए आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने एक और महत्वपूर्ण प्रश्न देश के सामने खड़ा कर दिया। आंदोलन के दौरान देश के कुछ राष्ट्रीय मीडिया मंचों और कई लोगों द्वारा इस प्रदर्शन को केवल छात्रों का आंदोलन मानने के बजाय अलग-अलग राजनीतिक और वैचारिक चश्मे से देखने की कोशिश की गई। कहीं इसे देशविरोधी बताया गया, कहीं विदेशी फंडिंग से जोड़ने का प्रयास हुआ, तो कहीं इसे राष्ट्र को अस्थिर करने की साजिश तक कहा गया। ऐसे आरोपों ने वास्तविक मुद्दे से ध्यान भटकाने का काम किया। अब जब आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो चुका है और छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर संघर्ष खत्म कर दिया है, तब यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि यदि आंदोलन का उद्देश्य केवल छात्रों के हितों से जुड़ा था और उसका समापन भी शांतिपूर्ण तरीके से हुआ, तो फिर उसे लेकर लगाए गए गंभीर आरोपों का आधार क्या था? क्या किसी भी लोकतांत्रिक विरोध को तुरंत राष्ट्रविरोध से जोड़ देना उचित है? क्या असहमति व्यक्त करना या सरकार से जवाब मांगना लोकतंत्र में गलत माना जाना चाहिए? लोकतंत्र में सरकार की आलोचना करना, व्यवस्था में सुधार की मांग करना और अपनी बात को शांतिपूर्ण तरीके से रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। किसी भी




आंदोलन का मूल्यांकन उसके उद्देश्य, तरीकों और तथ्यों के आधार पर होना चाहिए, न कि अफवाहों, पूर्वाग्रहों या राजनीतिक धारणाओं के आधार पर। मीडिया की भूमिका भी केवल सनसनी फैलाना नहीं, बल्कि तथ्यों को निष्पक्ष रूप से जनता के सामने रखना है। यदि मीडिया ही किसी आंदोलन की छवि बनाने या बिगाड़ने लगे, तो लोकतांत्रिक विमर्श कमजोर होने लगता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सोशल मीडिया, टीवी बहसों और वायरल संदेशों के आधार पर तुरंत निष्कर्ष न निकालें। किसी भी विषय पर अपनी राय बनाने से पहले उसके सभी पक्षों को समझें, तथ्य देखें और विवेक से निर्णय लें। लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, बल्कि जागरूक नागरिकों, जिम्मेदार मीडिया और शांतिपूर्ण संवाद की संस्कृति से मजबूत होता है। छात्रों की आवाज़ को सुनना, उनकी चिंताओं को समझना और लोकतांत्रिक तरीके से उनके सवालों का समाधान करना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार और समाज की जिम्मेदारी है। मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मतभेदों को राष्ट्रविरोध का नाम देना लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करता है। देश तभी आगे बढ़ेगा, जब हर नागरिक को अपनी बात रखने का सम्मान मिलेगा और हर आवाज़ को निष्पक्षता के साथ सुना जाएगा।

# जैगुर गांव में ग्रामीणों संग 'मन की बात' सुनने पहुंचे प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, किया पौधारोपण

■ पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने किया आत्मीय स्वागत

**बीजापुर 26 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 136वाँ संस्करण के अवसर पर रविवार को भैरमगढ़ विकासखंड के जैगुर पंचायत में भाजपा प्रदेश संगठन के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छग शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिरकत करने पहुंचे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया।



जैगुर पहुंचने पर प्रभारी मंत्री केदार कश्यप का पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गुज्जा वेंकट राव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, प्रदेश महामंत्री फूलचंद गागड़ा सहित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार आत्मीय स्वागत किया।

आयोजित सामूहिक कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा देशहित, पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और समाज के प्रेरणादायी प्रयासों से जुड़े संदेशों को ग्रामीणों ने भी ध्यानपूर्वक सुना।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम से आम नागरिकों को प्रेरणा मिलती है। अपने विचार अभिव्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इस संवाद को देश के प्रत्येक नागरिक को सुनना चाहिए।

कार्यक्रम में कलेक्टर विश्वदीप, एसडीएम जागेश्वर कौशल, उत्तम सिंह पंचारी, अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल, उप संचालक जनसंपर्क दिनेश नेताम, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वनमंडल कार्यालय में चौकीदार की मौत की जांच में जुटी पुलिस



**बीजापुर 26 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय स्थित वनमंडल कार्यालय में पदस्थ चौकीदार लिंगम चंद्रू की रात्रि ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे तथा जांच शुरू कर दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, लिंगम चंद्रू बीती रात अपनी नियमित ड्यूटी पर तैनात थे। सुबह कार्यालय परिसर में उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की जानकारी सामने आने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद वनमंडल कार्यालय में शोक का माहौल है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। अब तक वन विभाग, जिला प्रशासन या पुलिस की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

### चंदूर-दुधेड़ा में नेटवर्क समस्या, जिला प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग

**बीजापुर 26 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के दूरस्थ ग्राम चंदूर-दुधेड़ा पुराना में मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या से ग्रामीण लंबे समय से जूझ रहे हैं। हालात यह हैं कि लोगों को एक कॉल करने या इंटरनेट का उपयोग करने के लिए गांव से बाहर ऊंचे स्थानों तक जाना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों, किसानों, मरीजों और आम नागरिकों को रोजमर्रा के कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नेटवर्क समस्या को लेकर जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को कई बार लिखित आवेदन एवं मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। डिजिटल युग में नेटवर्क जैसी समस्या से लोगों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार नेटवर्क नहीं होने से ऑनलाइन सेवाओं, बैंकिंग, आधार संबंधी कार्य, सरकारी योजनाओं की जानकारी, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कई बार आपात स्थिति में परिजन या एंबुलेंस से संपर्क करना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं दूरसंचार विभाग से मांग की है कि गांव में जल्द से जल्द मोबाइल टॉवर स्थापित कर नेटवर्क व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि लोगों को बुनियादी संचार सुविधा उपलब्ध हो सके।

### निगम जगदलपुर में सेवा सेतु पोर्टल से ऑनलाइन मिलेंगे ट्रेड लाइसेंस व राशन कार्ड

**जगदलपुर, 26 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरपालिका निगम जगदलपुर क्षेत्र अंतर्गत नागरिकों के लिए जनसुविधाओं को और अधिक सुलभ, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल शुरू की गई है। अब शहरवासी व्यवसाय करने की अनुमति यानी ट्रेड लाइसेंस और राशन कार्ड से जुड़ी तमाम सेवाओं का लाभ सीधे ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। इन सभी सेवाओं को 'सेवा सेतु पोर्टल' से जोड़ दिया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक किसी भी लोक सेवा केंद्र या चॉइस सेंटर में जाकर आसानी से आवेदन कर सकते हैं। इस डिजिटल पहल का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और स्थानीय व्यापारियों को निगम कार्यालयों के बार-बार चक्कर काटने की परेशानी से मुक्ति दिलाना है। अब राशन कार्ड में नए सदस्यों का नाम जोड़ने, नाम हटाने तथा एपीएल, बीपीएल एवं अंत्योदय श्रेणी के नए राशन कार्ड बनवाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य डिजिटल माध्यम से तय समय-सीमा के भीतर पूरे किए जा सकेंगे। इसी तरह व्यापारियों के लिए भी नए ट्रेड लाइसेंस बनवाने और पुरानी अनुमतियों के नवीनीकरण की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है, जिससे संपूर्ण व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर इन ऑनलाइन सुविधाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया।

# तीन पीढ़ियों से जोत रहे जमीन पर नहीं मिला मालिकाना हक

## विधायक किरण देव से मिले बंगाली समाज के प्रतिनिधि, जल्द समाधान का भरोसा

■ दंडकारण्य के बंगाली विस्थापित परिवारों की 60 साल पुरानी भूमि अधिकार की मांग

■ 60 साल का इंतजार होगा खत्म? बंगाली समाज को भूमिस्वामी अधिकार दिलाने जगदलपुर विधायक किरण देव ने दिया ठोस आश्वासन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 26 जुलाई।** दंडकारण्य परियोजना के तहत बस्तर में बसे विस्थापित बंगाली परिवारों को आबंटित कृषि व आवासीय भूमि का मालिकाना हक मिलने की आस अब एक बार फिर मजबूत हो गई है। निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति एवं बंगाली समाज राष्ट्रीय संगठन बस्तर संभाग के प्रतिनिधिमंडल ने जगदलपुर विधायक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से मुलाकात कर अपनी बहुप्रतीक्षित मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। विधायक देव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए समस्याओं के जल्द और स्थायी निराकरण का भरोसा दिया है। विधायक के इस मजबूत आश्वासन के बाद समाज में यह उम्मीद जाग उठी है कि दशकों से लटका यह मामला अब जल्द ही जमीनी हकीकत बनेगा।

### तीन पीढ़ियों का संघर्ष, अब समाधान की उम्मीद

प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को बताया कि तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान वर्तमान बांग्लादेश से आए विस्थापित परिवारों को भारत सरकार द्वारा दंडकारण्य विकास प्राधिकरण (छ्ष्ठ) के माध्यम से पुनर्वासित किया गया था। बंगाली समाज की तीन पीढ़ियां पिछले लगभग 60 वर्षों से इन जमीनों पर काबिज होकर खेती-किसानी कर रही हैं। कड़े परिश्रम से बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने वाले इन परिवारों को आज तक भूमि की वैधानिक रजिस्ट्री, डायवर्सन और भूमिस्वामी अधिकार नहीं मिल सके हैं, जिससे वे लगातार प्रशासनिक और कानूनी अड़चनों से जूझ रहे हैं।

### संवैधानिक अधिकारों का दिया हवाला

संगठन ने संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 300 का संदर्भ देते हुए मांग रखी कि आबंटित भूमि की वर्तमान कानूनी स्थिति का परीक्षण कराया जाए। यदि कोई विधानिक बाधा न हो, तो पात्र परिवारों को तत्काल रजिस्ट्री कर भूमिस्वामी अधिकार दिए जाएं। प्रतिनिधियों ने यह भी सुझाव दिया कि यदि राज्य शासन स्तर पर निर्णय की आवश्यकता है, तो जिला प्रशासन तुरंत अपनी अनुशंसा भेजे और राजस्व व पंजीयन विभाग की संयुक्त बैठक बुलाकर स्थायी समाधान निकाले।

### किरण सिंह देव के नेतृत्व पर जताया भरोसा

विधायक किरण सिंह देव ने संगठन द्वारा प्रस्तुत 1958 के छ्ष्ठ प्रस्तावों व योजना आयोग के मूल सरकारी अभिलेखों का अवलोकन करते हुए आश्वस्त किया कि वे इस मानवीय व न्यायसंगत विषय को शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखेंगे। समाज के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि प्रदेश संगठन के शीर्ष पद और स्थानीय विधायक के रूप में किरण सिंह देव का यह प्रयास बंगाली समाज को उनका वाजिब हक जरूर दिलाएगा।

### ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद रहे प्रमुख जन

इस दौरान संभागीय अध्यक्ष जीवानंद हालदार, महासचिव श्याम घोष, सह सचिव प्रदीप गुहा, मीडिया प्रभारी मृण्मय बारोई, अनिमेश पाल, गोपाल मालिक, राकेश हालदार, मोनी डे, दिलीप गुहा, तपन दत्ता, बिजन विश्वास, मिंटू सहित बंगाली समाज के दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# धान खेत के रास्ते को लेकर विवाद युवक ने मारने की धमकी दी, थाना में शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 26 जुलाई।** जिले के थाना तोयनार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुपेली में खेत के रास्ते और मेड़ को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक पर जान से मारने और मारपीट की धमकी देने का आरोप लगा है। मामले में ग्राम दुपेली निवासी घनश्याम यादव ने थाना तोयनार में लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई को घनश्याम यादव अपने खेत में धान की बुवाई कर रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर के खेत की मेड़ और धान एकत्रित किए गए स्थान से गुजरने को लेकर विवाद हुआ। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने केवल फसल और मेड़ को नुकसान से बचाने के लिए ट्रैक्टर को दूसरे रास्ते से ले जाने का आग्रह किया था। इस बात को लेकर पहले कहासुनी हुई।

आरोप है कि शाम करीब 5 बजे ग्राम दुपेली निवासी जग्गू वाचम वहां पहुंचा और कथित रूप से धमकी देते हुए कहा कि उसे मारपीट करने की अनुमति मिल चुकी है तथा अगले दिन सुबह बैठक में आने की बात कही। शिकायतकर्ता ने इसे अपनी जान-माल की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत पत्र में घनश्याम यादव ने यह भी उल्लेख किया है कि यदि भविष्य में उनके साथ किसी प्रकार की मारपीट या अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्तियों की होगी। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

थाना प्रभारी तोयनार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। दोनों पक्षों को बुलाकर मामले की जांच की जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संवाद कार्यक्र म में कलेक्टर व प्रशासनिक अधिकारियों ने युवाओं को दिए सफलता के मंत्र

**जगदलपुर, 26 जुलाई।** लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रन्थालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय खन्ना और सहायक कलेक्टर यशवंत नायक शामिल हुए। इस संवाद के दौरान अधिकारियों ने सिविल सेवा परीक्षा की अपनी तैयारी के दिनों और प्रशासनिक यात्रा से जुड़े व्यक्तिगत अनुभवों को युवाओं के साथ खुलकर साझा किया। बस्तर जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा ने युवाओं को सफलता के महत्वपूर्ण सूत्र देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए निरंतरता, सही दिशा और आत्मविश्वास ही सबसे बड़े आधार स्तंभ होते हैं। उन्होंने आंतरिक प्रेरणा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब तक लक्ष्य का 'क्यों' स्पष्ट नहीं होगा, तब तक बाहरी प्रेरणा लंबे समय तक काम नहीं आ सकती। तैयारी के दौरान आने वाली रुकावटों की चर्चा करते हुए उन्होंने स्मार्टफोन और सोशल मीडिया को सबसे बड़ा भटकाव बताया तथा पढ़ाई के समय फोन को साइलेंट या एयरप्लेन मोड पर रखने की सलाह दी। इसके साथ ही मानव मस्तिष्क की स्वभावगत भूलने की प्रवृत्ति से निपटने के लिए उन्होंने लगातार रिवीजन करने, बेहतर प्रदर्शन पर 'सेल्फ-रिवार्ड' तकनीक अपनाने और रोज़ाना 3 से 4 घंटे की पूरी निष्ठा व गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई करने का सुझाव दिया। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उन्होंने प्रतिदिन सोने से पूर्व 5 मिनट आत्ममंथन करने तथा 15 से 20 मिनट टहलने व गहरी सांसें लेने को बेहद जरूरी बताया। संवाद कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी अंतिम समय की रणनीति और समय प्रबंधन पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

# बस्तर में आरटीई के 254 सीटों पर प्रवेश के लिए 5 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर, 26 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी विद्यालयों की प्रथम कक्षा यथा पहली में प्रवेश हेतु प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। बस्तर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तृतीय एवं अंतिम चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे पूर्व संचालित प्रथम एवं द्वितीय चरण की ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से बस्तर जिले की कुल 388 निर्धारित आरटीई सीटों में से 134 छात्र-छात्राओं का चयन कर उनका स्कूलों मे दाखिला कराया जा चुका है। इसके उपरांत वर्तमान में जिले में 254 सीटें रिक्त शेष हैं, जिन्हें भरने के लिए विभाग द्वारा पालकों से ऑनलाइन आवेदन 05 अगस्त तक आमंत्रित किए गए हैं। उक्त प्रवेश प्रक्रिया के लिए समय-सारणी के अनुसार अभिभावक आगामी 05 अगस्त तक आरटीई के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से कक्षा पहली में निःशुल्क प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन एवं आवश्यक संशोधन कर सकते हैं। इसके बाद 07 अगस्त तक नोडल प्राचार्यों द्वारा प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी और दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

# वार्ड क्रमांक-1 में सीसी सड़क की दरकार, बारिश में कीचड़ और गड्ढों से परेशान हैं लोग

■ उप संचालक कृषि कार्यालय से 500 मीटर मार्ग बदहाल, आपातकालीन स्थिति में आवागमन बना चुनौती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 26 जुलाई।** नगर पालिका परिषद बीजापुर के वार्ड क्रमांक-1 में उप संचालक कृषि कार्यालय से लगभग 500 मीटर तक की कच्चा मार्ग बदहाल स्थिति में है। बारिश के दिनों में यह मार्ग कीचड़ और गड्ढों से भर जाता है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने इस मार्ग पर सीसी सड़क निर्माण की मांग तेज कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक-1 जाने वाले मुख्य मार्ग में जगह-जगह बड़े गड्ढों में पानी भरा रहता है, जिससे पूरा मार्ग कीचड़नुमा हो गया है। बारिश के कारण मार्ग में आवागमन करने वाले दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय वार्डवासियों का कहना है कि यह सड़क कई परिवारों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। बरसात के मौसम में कीचड़ के कारण वाहन फंस जाते हैं और पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में भी काफी दिक्कत होती है। वार्डवासियों का कहना है कि नगर पालिका कार्यालय तथा कलेक्टर बीजापुर को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर सीसी सड़क बनने से पूरे वर्ष सुगम आवागमन संभव होगा और बारिश के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका परिषद एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि उप संचालक कृषि कार्यालय से लगभग 500 मीटर तक सीसी सड़क का शीघ्र निर्माण कराया जाए, ताकि वार्डवासियों को बारहमासी सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

### दलदल में फंसने से ग्रामीण युवक की पानी मे डूबकर हुई मौत

**कोंडागांव, 26 जुलाई ।** जिले के फरसगांव क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुरी में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां नाला पार करते समय रेत के दलदल में फंसने से एक युवक की पानी मे डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अरुण मरकाम (34 वर्ष), पिता रामलाल मरकाम, निवासी सिंगारपुरी के रूप में हुई है। फरसगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अरुण मरकाम शनिवार सुबह बैल लेकर खेत में हल जोतने गया था। करीब 10 बजे खेत से लौटते समय सिंगारपूरी और हिर्री के बीच स्थित गोरडूम नाला पार करते वक्त उसके दोनों पैर रेत के दलदल में धंस गए। संतुलन बिगड़ने से वह मुंह के बल पानी में गिर गया और बाहर नहीं निकल सका, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने परिजनों को दी। इसके बाद ग्रामीणों ने युवक को दलदल से बाहर निकालकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# पुलिस ने संजय बाजार इलाके से गायब 4 साल की मासूम को 16 घंटे के भीतर तलाश कर परिजनों को सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 26 जुलाई।** शहर के व्यस्ततम संजय बाजार इलाके से गायब हुई चार वर्षीय मासूम बच्ची को कोतवाली पुलिस ने अपनी तत्परता, सूझबूझ और हाई-टेक निगरानी के दम पर महज 16 घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील कार्यशैली की बदौलत एक बड़ा हादसा टल गया और मासूम सकुशल अपने माता-पिता की गोद में लौट आई।

### सीसीटीवी नेटवर्क और त्वरित रणनीति बनी सफलता की कुंजी

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है, जहाँ देर शाम संजय बाजार से एक चार साल की मासूम अचानक गायब हो गई थी। परिजनों द्वारा शिकायत दर्ज कराते ही कोतवाली पुलिस बिना समय गंवाए एक्शन मोड में आ गई। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरे शहर में अलर्ट जारी किया गया और चौक-चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का गहन विश्लेषण शुरू किया गया।






रात भर चले इस सघन अभियान में पुलिस टीम ने संदिग्ध के संभावित रास्तों के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर अपहरणकर्ता की पहचान और उसकी आवाजाही की सटीक कड़ी जोड़ते हुए पुलिस टीम आखिरकार गांव मार्केल पहुंची। वहाँ एक आंगनबाड़ी के बाहर खेलती हुई मासूम बच्ची को पुलिस ने सकुशल रेस्क्यू कर लिया। 16 घंटे के भीतर बच्ची को पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए, वहीं पूरी जगदलपुर पुलिस के इस साहसिक कार्य की हर तरफसराहना हो रही है।

### आरोपी की पहचान उजागर, गिरफ्तारी के लिए पुलिस का शिकंजा कसा

मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (छ्स्क्) सुमित कुमार धोत्रे ने मीडिया को बताया, मामले की गंभीरता को समझते हुए जगदलपुर शहर के संपूर्ण सीसीटीवी नेटवर्क और संदिग्ध रूटों की रात भर गहन जांच की गई। पुलिस टीम की 16 घंटे की अनवरत मेहनत का ही नतीजा है कि मासूम को गांव मार्केल से ढूंढकर उसके माता-पिता को सुरक्षित सौंप दिया गया है। सीएसपी धोत्रे ने आगे बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है। वह आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और पूर्व में बाइक, मोबाइल तथा ऑटो चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। वर्तमान में आरोपी फरार है, लेकिन पुलिस की विशेष टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का दावा है कि बहुत जल्द आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाएगा। जगदलपुर पुलिस की इस त्वरित और सटीक कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि आम जनता की सुरक्षा के लिए खाकी हर वक्त मुस्तैद और तत्पर है।

# नीट मुद्दे पर कांग्रेस ने प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया





तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 26 जुलाई।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) से जुड़े मुद्दों, छात्रों के आंदोलन पर कथित पुलिस कार्रवाई और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शुक्रवार शाम शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पर कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। शाम करीब 4 बजे बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए। प्रदेश के पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी।

प्रदर्शनकारी हाथों में पोस्टर लिए हुए थे, जिन पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो, छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करो÷, मृत छात्रों को न्याय दो तथा जब-जब मोदी डरता है, पुलिस को आगे करता है जैसे नारे लिखे थे। कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला लेकर पहुंचे। पुतला दहन से पहले एक कार्यकर्ता उसे लेकर रायपुर रोड की ओर लगभग 200 गज तक दौड़ पड़ा, जबकि पुलिसकर्मी भी उसके पीछे दौड़ते रहे। बाद में पुतले को वापस लाकर उसका दहन किया गया।इस अवसर पर अमितेश शुक्ला ने कहा कि छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में कांग्रेस को जोश और शोक के साथ प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट विवाद से कई छात्र मानसिक रूप से टूट गए और कुछ ने आत्महत्या तक कर ली। साथ ही दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ पुलिस द्वारा कथित बर्बरता किए जाने की भी उन्होंने निंदा की।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा कि नई दिल्ली में छात्रों और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर एवं आपराधिक मामलों को तत्काल वापस लेने की मांग को लेकर यह पुतला दहन किया गया।कांग्रेस नेता डॉ. दिलीप साहू ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा से लाखों विद्यार्थी प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम करने वाले छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है और इसके लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री नैतिक जिम्मेदारी लें।प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकुमार गोस्वामी, डी.के. ठाकुर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पवन सोनकर, विकास तिवारी, सुनील तिवारी, कुलेश्वर साहू, गिरीश रजानी, अशोक श्रीवास्तव, गोविंद कहार, भुवनेश्वरी बंजारे, हेमलता सिन्हा, योगेश्वरी साहू, देवेंद्र साहू, टिकेश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्कूल छुट्टी के समय बढ़ी परेशानी

यह प्रदर्शन राजिम बस स्टैंड के समीप उस समय हुआ, जब विभिन्न स्कूलों की छुट्टी हो रही थी। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं घर लौट रहे थे। प्रदर्शन और भीड़ के कारण उन्हें कुछ समय तक रुकना पड़ा। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल व्यवस्था संभालते हुए विद्यार्थियों के आवागमन का मार्ग सुचारु कराया। इस दौरान कुछ समय के लिए बस स्टैंड क्षेत्र में ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति भी निर्मित हो गई, जिसे पुलिस ने जल्द ही सामान्य कर दिया।

# ई-श्रम साथी एप से श्रमिकों और ठेकेदारों को जोड़ने की पहल

**जिले में 130 श्रमिक और 6 नियोक्ता पंजीकृत**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 26 जुलाई ।** श्रम विभाग द्वारा जिले में ई-श्रम साथी ऐप के माध्यम से श्रमिकों एवं ठेकेदारों को एक डिजिटल मंच पर जोड़ने की पहल की जा रही है। इस व्यवस्था के तहत अब तक 130 श्रमिक एवं 6 नियोक्ता पंजीकृत किए जा चुके हैं। श्रम पदाधिकारी सुश्री जयंति बंसल ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से श्रमिक सीधे ठेकेदारों से संपर्क कर सकेंगे। इससे बिचौलियों और फर्जीवाड़े की संभावना कम होगी। कार्य, मजदूरी और कार्यस्थल की जानकारी पहले से तय रहने से पारदर्शिता बढ़ेगी तथा श्रमिकों को उनके कौशल के अनुरूप शीघ्र रोजगार मिलने में सुविधा होगी।वहीं ठेकेदारों को भी आवश्यक कौशल वाले श्रमिक आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। इससे उन्हें श्रमिकों की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा और वे अपने क्षेत्र के कुशल श्रमिकों का चयन आसानी से कर सकेंगे। सुश्री बसल ने जिले के पंजीकृत एवं अपंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि वे अपने मोबाइल के प्ले स्टोर से ई-श्रम साथी ऐप डाउनलोड कर स्वयं पंजीयन करें तथा इस सुविधा का लाभ उठाएं।



## एक नजर

### गौमाता को सम्मान दिलाने प्रार्थना यात्रा 27 को

**रायपुर, 26 जुलाई।** गौ सम्मान आव्हान अभियान के दूसरे चरण के तहत 27 जुलाई को देशभर के सभी जिलों में एक साथ प्रार्थना यात्राएं निकाली जाएंगी। अभियान के अंतर्गत जिलाधीशों को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री संबंधित राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्रियों के नाम 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों वाले प्रार्थना-पत्र एवं ज्ञापन सौंपे जाएंगे। अभियान के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले छह माह से संत-महात्माओं, गोसेवकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से देशव्यापी जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। ज्ञापन में गोहत्या निषेध के लिए केंद्रीय कानून बनाने, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान देने केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, केंद्रीय गो-चारा नीति लागू करने तथा कृषि, पर्यावरण, चिकित्सा और शिक्षा से जुड़े 30 से अधिक विषयों को राष्ट्रीय नीति में शामिल करने की मांग की गई है। राज्य प्रभारी भारत दास महाराज ने बताया कि रायपुर में 27 जुलाई को सुबह 7:30 बजे महामाया मंदिर पुरानी बस्ती में गोमाता पूजन, शंखनाद एवं सामूहिक श्रीराम जयराम जय जय राम विजय मंत्र जाप के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद प्रार्थना यात्रा महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर बूढ़ातालाब इंडोर स्टेडियम नगर निगम मुख्यालय महिला थाना चौक और मोतीबाग चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी।

### दिशा समिति की बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई

**कांकेर 26 जुलाई ।** लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग की अध्यक्षता में शनिवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय, राज्य एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित योजनाओं की विभागीय प्रगति तथा उसके पर्यवेक्षण संबंधी कार्यवाही पर चर्चा एवं समीक्षा की गई। बैठक मे विधायक अंतागढ़ श्री विक्रम उसेण्डी, विधायक कांकेर श्री आशाराम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरूण कौशिक, कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर विशेष रूप से उपस्थित थे।दिशा समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सांसद श्री नाग ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसका लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जावे। पूर्व में नक्सल गतिविधियों के कारण अंदरूनी क्षेत्रों में विकास कार्य बाधित हुए हैं, इन क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित हो तथा सभी कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जावे। योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण समन्वय बनाकर कार्य करें। सब मिलकर योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें। बैठक के दौरान एजेंडावार कार्यों में प्रगति की समीक्षा की गई। कुपोषित बहुलता वाले गांवों का सर्वे कराने, श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों की सूची ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चारामा में जुआ खेलते हुए पकड़ाए गए कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

### कलेक्टर ने बस्तर क्षेत्र के नीट में सफल अभ्यर्थियों से की चर्चा

**जगदलपुर, 26 जुलाई।** बस्तर क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊँचाइयों पर ले जाने और स्थानीय प्रतिभाओं को तराशने के लिए जिला प्रशासन की पहल ज्ञानगुड़ी एक नई और प्रेरणादायक क्रांति की मिसाल बन रही है। इसी क्रम में ज्ञानगुड़ी के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) क्वालीफाई करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने स्वयं कलेक्टर बस्तर श्री आकाश छिकारा ज्ञानगुड़ी पहुँचे। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य की राह आसान बनाने के लिए एक विशेष काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया।कलेक्टर श्री छिकारा ने सफल विद्यार्थियों के साथ बेहद सहज और आत्मीय माहौल में संवाद करते हुए उन्हें काउंसलिंग प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए काउंसलिंग के दौरान अत्यंत सावधानीपूर्वक विकल्पों का चयन करना कितना महत्वपूर्ण होता है।

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से ड्राइविंग लाइसेंस की समस्या का हुआ समाधान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 जुलाई।** शासन की जनकल्याणकारी पहल मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आम नागरिकों के लिए भरोसे का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है। हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का संबंधित विभागों द्वारा गंभीरता से निराकरण किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी और सहज तरीके से सरकारी सेवाओं का लाभ मिल रहा है। रायगढ़ जिले में भी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के जरिए लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

इसी क्रम में रुद्रा बेहरा, विश्वनाथन मोहन राव एवं इलियास लोमगा ने ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होते ही जिला परिवहन विभाग ने तीनों प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी शिकायतों का सफलतापूर्वक निराकरण कर दिया। समस्या का समाधान होने पर तीनों हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से उनकी शिकायत पर शीघ्र कार्रवाई हुई और समय पर समाधान मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ सरल, सहज और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध करा रही है। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक प्रकरण का निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी समाधान हो। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आज नागरिकों और शासन के बीच विश्वास का मजबूत सेतु बनकर सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेह प्रशासन की अवधारणा को साकार कर रही है।

# कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किरायेदारों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 जुलाई।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार अब रायगढ़ जिले के नगरीय एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में मकान किराये पर देने से पूर्व किरायेदार का पुलिस सत्यापन एवं उसकी जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जारी आदेश में कहा है कि यह संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के उद्देश्य से शहरी एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में किराये के मकानों में रह रहे हैं। वहीं अधिकांश भवन स्वामी अपने किरायेदारों एवं घरेलू सहायकों का पुलिस सत्यापन नहीं कराते, जिससे अपराधों की रोकथाम एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने में कठिनाई आती है। इसे देखते हुए व्यापक जनहित में यह आदेश जारी किया गया है।आदेश के अनुसार कोई भी भवन स्वामी अथवा प्रतिष्ठान संबंधित थाना प्रभारी को किरायेदार की जानकारी दिए बिना मकान या उसका कोई हिस्सा किराये पर नहीं देगा। यह व्यवस्था नए किरायेदारों के साथ-साथ पहले से रह रहे किरायेदारों पर भी लागू होगी। पुराने किरायेदारों की जानकारी भी संबंधित थाने में तत्काल उपलब्ध करानी होगी। भवन स्वामियों को प्रत्येक किरायेदार का नाम, स्थायी पता, मोबाइल नंबर तथा वैध पहचान पत्र का विवरण अपने अभिलेख में सुरक्षित रखना होगा। यही जानकारी पुलिस को भी उपलब्ध करानी होगी। बिना वैध एवं प्रामाणिक पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को किराये पर आवास उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि किसी किरायेदार अथवा उसके यहां आने-जाने वाले व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध प्रतीत होती है तो इसकी सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना या पुलिस चौकी को देना अनिवार्य होगा, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

**उल्लंघन पर होगी दंडात्मक कार्रवाई**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(2) के तहत तत्काल प्रभाव से एकपक्षीय रूप से लागू किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार लाउडस्पीकर सहित अन्य माध्यमों से किया जाए। साथ ही इसकी प्रति पुलिस थानों, नगरीय निकायों, कार्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

# मजदूरी करने वाली पुष्पा साव मशरूम उत्पादन से बनी आत्मनिर्भर



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 जुलाई।** कभी मजदूरी ही परिवार की आजीविका का एकमात्र सहारा थी। दिनभर की कड़ी मेहनत के बाद भी आय इतनी नहीं होती थी कि घर की सभी जरूरतें आसानी से पूरी हो सकें। बच्चों की पढ़ाई, परिवार का भरण-पोषण और भविष्य की चिंता हमेशा बनी रहती थी। लेकिन आज वही पुष्पा साव मशरूम उत्पादन के माध्यम से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ने के बाद उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति बदली, बल्कि अपने आत्मविश्वास और सम्मान को भी नई पहचान दिलाई। आज वे मशरूम उत्पादन से सालाना लगभग 1.50 लाख रुपए की आय अर्जित कर रही हैं और अपने गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

### आर्थिक तंगी से जूझ रहा था परिवार, बिहान से मिली नई दिशा

रायगढ़ जिले के ग्राम कुरमापाली निवासी श्रीमती पुष्पा साव बताती हैं कि कुछ वर्ष पहले तक उनका परिवार पूरी तरह मजदूरी पर निर्भर था। मेहनत के बावजूद आमदनी सीमित थी, जिससे परिवार का खर्च चलाना भी कठिन हो जाता था। बच्चों की अच्छी शिक्षा और परिवार के बेहतर भविष्य का सपना आर्थिक अभाव के कारण अधूरा लगता था। ग्राम पंचायत के माध्यम से उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की जानकारी मिली। उन्होंने संस्कार स्व-सहायता समूह से जुड़कर नियमित बचत शुरू की। समूह के माध्यम से प्रशिक्षण, कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड (सीआईएफ) तथा बैंक से वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ। यही सहयोग उनके जीवन में बदलाव का आधार बना।

### आर्थिक मजबूती के साथ बढ़ा आत्मविश्वास

पुष्पा साव ने सीआईएफ से प्राप्त 10 हजार रुपए की राशि से घर पर मशरूम उत्पादन शुरू किया। गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और लगातार मेहनत से उनके मशरूम की स्थानीय बाजार में अच्छी मांग बनने लगी। बढ़ती मांग को देखते हुए उन्होंने लगभग 70 हजार का अतिरिक्त निवेश कर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। आज वे मशरूम उत्पादन से सालाना लगभग 1.50 लाख रुपए की आय अर्जित कर रही हैं। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है। मशरूम उत्पादन से होने वाली आय ने पुष्पा साव के परिवार को आर्थिक संबल दिया है। अब वे बच्चों की बेहतर शिक्षा, घरेलू जरूरतों और भविष्य की बचत पर ध्यान दे पा रही हैं। परिवार के भोजन में भी मशरूम शामिल होने से पोषण स्तर में सुधार आया है।

### दूसरी महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणा

पुष्पा साव कहती हैं कि यदि उन्हें बिहान का सहयोग नहीं मिला होता, तो शायद आज भी उनका परिवार मजदूरी पर ही निर्भर रहता। आज वे सम्मानपूर्वक अपना व्यवसाय संचालित कर रही हैं और गांव की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। सही मार्गदर्शन, सरकारी योजनाओं का प्रभावी लाभ और निरंतर मेहनत किसी भी व्यक्ति के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान हम ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में नए अवसर प्रदान कर रहा है।

# नाबालिग वाहन चालकों को पकड़ने चलाया अभियान



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 जुलाई।** भिलाई सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से एक बड़ा अभियान चलाया अभियान के दौरान बिना लाइसेंस सड़कों पर फर्राटा भर रहे नाबालिग वाहन चालकों को पकड़ा गया और उनके पालकों को सेक्टर - 6 स्थित पुलिस कंट्रोल रूम बुलाकर कड़ी समझाइश दी गई। इसके साथ ही भविष्य में बच्चों को गाड़ी न देने का लिखित घोषणापत्र भी भरवाया गया। बड़ी संख्या स्कूली छात्र - छात्राएं दुपहिया वाहन में स्कूल और कोचिंग सेंटर आना- जाना कर रहे हैं। बिना लाइसेंस नाबालिगों के वाहन चालन से हादसे का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग ने शनिवार को शहर के चौक चौराहों पर अभियान चलाया। इस अभियान में लगभग 30 ऐसे दुपहिया वाहन चालकों को पकड़ा गया, जो नाबालिग होने से लाइसेंस की पात्रता नहीं रखते लिहाजा उनके अभिभावकों को पुलिस कंट्रोल रूम बुलाकर समझाइश दी गई। अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ट्रैफिक ) कौशलेंद्र देव पटेल ने उपस्थित अभिभावकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने पालकों को नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से होने वाले जान-माल के गंभीर खतरों से अवगत कराया।

# 18 अगस्त को जिलेभर में राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ ली जाएगी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 26 जुलाई ।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशामुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 18 अगस्त 2026 को देशभर में राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले में भी कार्यक्रम के सफल एवं आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक संस्थानों तथा शासकीय कार्यालयों में 18 अगस्त को राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर समुचित समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा।

नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अब तक देशभर में 29 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई जा चुकी है। जिनमें 11 करोड़ से अधिक युवा एवं 7 करोड़ से अधिक महिलाएं शामिल हैं। साथ ही 1 लाख 19 हजार से अधिक लोग 'नशामुक्ति मित्र' के रूप में पंजीकृत हो चुके हैं। इन उपलब्धियों को देखते हुए राज्य में भी अभियान को जनआंदोलन के रूप में संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

कलेक्टर श्री बीएस उइके कहा है कि जिले की कुल जनसंख्या के कम से कम 10 प्रतिशत लोगों को 18 अगस्त को राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ दिलाई जाएगी तथा विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। प्रतिभागियों को नशामुक्त भारत अभियान की ई-प्लेज वेबसाइट पर शपथ लेने एवं सहभागिता प्रमाण-पत्र डाउनलोड करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा भारत सरकार द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला मुख्यालय से वर्चुअल सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार में नशामुक्त भारत अभियान के लोगो, शुभंकर, हेल्पलाइन नंबर 14446 तथा अन्य जनजागरूकता सामग्री का उपयोग किया जाएगा। साथ ही शपथ लेने वाले नागरिकों की संख्या एनएमबीए पोर्टल एवं मोबाइल एप पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने

### लोहा चोरी मामले में लोडर आपरेटर गिरफ्तार



**भिलाई, 26 जुलाई।** भिलाई स्टील प्लांट से ब्लू डस्ट परिवहन की आड़ में लौह स्क्रैप एवं कोक/कोयला चोरी के संगठित रैकेट का खुलासा कर प्रकरण में पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने 16वीं गिरफ्तारी कर लोडर ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार लोडर ऑपरेटर से पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह ने योजनाबद्ध तरीके से लौह स्क्रैप के साथ-साथ कोक/कोयला भी ब्लू डस्ट में छिपाकर बाहर भेजा जाता था पुरानी भिलाई टीआई विजय यादव ने बताया कि 26 मई को मुखबिर से सूचना के आधार पर ग्राम अकलोरडीह खदानपारा स्थित एके ट्रेडर्स तथा प्लॉट क्रमांक-18, एचआईए हथखोज में पुलिस टीम ने जांच की मौके पर विभिन्न हाईवा, ट्रक एवं अन्य वाहनों में फ्लू डस्ट के साथ लोहे की प्लेट, बीम एवं कटिंग सामग्री भरी हुई पाई। साथ ही बड़ी मात्रा में लौह स्क्रैप अलग अलग स्थानों पर संग्रहित मिला था। मौके से लगभग 250 टन वजनी लौह प्लेट, बीम कटिंग एवं अन्य स्क्रैप सामग्री जब्त की थी। इसके अतिरिक्त स्क्रैप परिवहन एवं लोडिंग में प्रयुक्त वाहन, हाइड्रा, जेसीबी एवं अन्य मशीनरी भी बरामद की थी विवेचना के दौरान आरोपी हेमंत देवांगन (22 साल ) निवासी ग्राम मोखा, जिला धमतरी की संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हिमांशु ब्रदर्स कंपनी में लोडर ऑपरेटर के रूप में कार्य करता था। गिरोह के सदस्यों द्वारा उससे रात्रि के समय लौह स्क्रैप के साथ-साथ कोक/कोयला भी लोड कराया जाता था। उसे ब्लू डस्ट के भीतर छिपाकर हाइवा वाहनों के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र से बाहर भेजा जाता था। आरोपी की संलिप्तता प्रमाणित होने पर घटना में प्रयुक्त लोडर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है प्रकरण में अब तक कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा अन्य फरार आरोपियों की तलाश एवं विवेचना जारी है।

# शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही और पारदर्शिता लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त: तेजराम विद्रोही

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 26 जुलाई ।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही ने जंतर-मंतर पर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज बुलंद करने वाले विद्यार्थियों और युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं ने संवैधानिक दायरे में रहकर अपने अधिकारों और भविष्य की रक्षा के लिए जो जागरूकता दिखाई है, वह लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकार छात्रों की जायज चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाएगी।

तेजराम विद्रोही ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा जारी सार्वजनिक पत्र और त्यागपत्र की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में किसी भी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता के विश्वास की रक्षा करना है। यदि शिक्षा व्यवस्था में गंभीर अनियमितताओं के कारण करोड़ों विद्यार्थियों और उनके परिवारों का विश्वास डगमगाता है, तो केवल खेद व्यक्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि दोषियों के विरुद्ध कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि देश के लाखों युवाओं के भविष्य और उनके वर्षों के परिश्रम से जुड़ी होती है। इसलिए परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय होना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार युवाओं के सपनों के साथ अन्याय है। यदि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए त्यागपत्र दिया है, तो यह लोकतांत्रिक परंपरा का सम्मान माना जा सकता है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि परीक्षा में हुई अनियमितताओं के वास्तविक दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। देश के किसान परिवार अपने बच्चों की शिक्षा के लिए कठिन परिश्रम करते हैं। ऐसे में परीक्षा प्रणाली पर उठने वाले सवाल किसानों और ग्रामीण परिवारों की उम्मीदों पर भी आघात करते हैं। सरकार को ऐसी व्यवस्था विकसित करनी चाहिए, जिसमें किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा माफिया, भ्रष्टाचार या प्रशासनिक लापरवाही का शिकार न होना पड़े।उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि राष्ट्रीय स्तर की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ाने, तकनीकी सुरक्षा मजबूत करने, समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने तथा दोषियों को कठोर दंड देने की स्थायी व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही छात्रों के हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन की मजबूती और एकजुटता पर दिया गया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 26 जुलाई।** कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने के उद्देश्य से नगरी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनवर रजा के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, जोन एवं बूथ पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, सेवादल, सरपंचों और जनपद सदस्यों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक महिला कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने तथा गांवों में आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनके समाधान के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर ने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान संगठन की मजबूती का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि जिस तरह आज कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्यक्रम में शामिल हुए हैं, उससे संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों को लेकर अभी से जमीनी स्तर पर सक्रिय होने का आह्वान किया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस महिलाओं को सम्मान और प्राथमिकता देने का कार्य करती है। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए महंगाई, बेरोजगारी और आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर भाजपा पर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष बढ़ रहा है। इसी दौरान उन्होंने राजनीतिक तंज कसते हुए कहा, दिया बुझने से पहले बहुत फड़फड़ाता है, भाजपा भी आज उसी तरह फड़फड़ा रही है और अब इनके बुझने का समय आ गया है। कार्यक्रम में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर, अशोक सोम, स्मिता ठाकुर, धमतरी प्रभारी, पीसीसी सदस्य लखन लाल ध्रुव, कैलाश प्रजापति, बिंदा नेताम, मनोज साक्षी, छाया साहू, प्रमोद कुजाम, श्रीधन सोम, हनीफअली, डीहूराम साहू, उमेश देव, कैलाश जैन, राजेंद्र सोनी, अंजोर निषाद, राम भरोस साहू, भानेंद्र ठाकुर, दव्वालाल देवांगन, रामप्रसाद मरकाम, शिव परिहार, रवि ठाकुर, निकेश ठाकुर, सलमान रजा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन को कांग्रेस संगठन में लंबे समय से चली आ रही अंदरूनी चर्चाओं और कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। सम्मेलन के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और एकजुटता दिखाई दी।

## एक नजर

### ईवी खरीदारों का भरोसा बनाए रखना है तो लंबित सब्सिडी का भुगतान करे राज्य सरकार : इदरीस गांधी



**रायपुर, 26 जुलाई।** छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने की सरकारी नीति तभी प्रभावी होगी, जब पात्र हितग्राहियों को समय पर सब्सिडी मिले। समाचारों के अनुसार वर्ष 2022 से 2024 के बीच ईवी खरीदने वाले हजारों हितग्राही अब भी सब्सिडी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस लंबित भुगतान से राज्य सरकार की योजनाओं पर आम नागरिकों का विश्वास प्रभावित हो सकता है। इदरीस गांधी ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि स्वच्छ पर्यावरण, ईंधन की बचत और टिकाऊ विकास से जुड़ा जनहित का विषय हैं। जो नागरिक सरकार की ईवी नीति पर भरोसा कर वाहन खरीद चुके हैं, उन्हें समय पर सब्सिडी मिलना सरकार की जवाबदेही भी है और भविष्य में ईवी अपनाने वालों के लिए सकारात्मक संदेश भी। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि लंबित ईवी सब्सिडी के भुगतान के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध कराकर सभी पात्र हितग्राहियों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समय पर सब्सिडी का भुगतान पुराने ईवी खरीदारों का विश्वास मजबूत करेगा और राज्य की ईवी नीति की विश्वसनीयता भी बढ़ाएगा।

### अनाधिकृत पोस्टर, फ्लेक्स, बैनर एवं विज्ञापनों पर रायपुर नगर पालिक निगम करेगा सख्त कार्रवाई

**रायपुर 26 जुलाई।** नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा राजधानी शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा सार्वजनिक संपत्तियों को विरूपण से बचाने के उद्देश्य से आउटडोर एडवरटाइजमेंट पॉलिसी-2024 के प्रावधानों के अनुसार अनाधिकृत विज्ञापनों, होर्डिंग, फ्लेक्स, पोस्टर, बैनर एवं फ्लायर्स के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए रायपुर नगर निगम द्वारा ई-चालान प्रणाली लागू की जा रही है, जिसके माध्यम से नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मौके पर ही जुर्माना अधिरोपित किया जा सकेगा। नगर पालिक निगम रायपुर ने सभी नागरिकों, राजनीतिक दलों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, विज्ञापन एजेंसियों तथा अन्य संस्थाओं से विनम्र अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के पोस्टर, फ्लेक्स, बैनर, होर्डिंग अथवा अन्य विज्ञापन लगाने से पूर्व निर्धारित नियमों का पालन करें तथा आवश्यक अनुमति प्राप्त करें। नगर पालिक निगम रायपुर ने स्पष्ट किया है कि दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर बिना अनुमति केवल प्रतिष्ठान (दुकान) का नाम एवं स्वामी/संचालक का नाम प्रदर्शित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी भी कंपनी, ब्रांड, उत्पाद, सेवा अथवा अन्य प्रकार के प्रचार-प्रसार से संबंधित बोर्ड, ग्लो-साइन, फ्लेक्स, एलईडी डिस्प्ले अथवा अन्य विज्ञापन सामग्री नगर निगम की पूर्व अनुमति के बिना प्रदर्शित करना अनाधिकृत विज्ञापन माना जाएगा। ऐसे सभी मामलों में संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध ?50,000 (पचास हजार रुपये) का जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा।

### गांव और मोहल्ले की सुरक्षा को लेकर कोटवारों से पुलिस की अपील

**26 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस जिले के सभी ग्रामवासियों एवं कोटवारों से अपील करती है कि अपने गांव और मोहल्ले की सुरक्षा के प्रति सजग रहें। अक्सर फेरीवाले, कबाड़ी, भीख मांगने वाले या सामान बेचने के भेष में संदिग्ध या अवैध रूप से रह रहे व्यक्ति गांवों में रेकी करने या शरण लेने की कोशिश करते हैं। अनजान व संदिग्ध लोगों पर नजरः यदि आपके गांव में कोई नया, अनजान या बाहरी व्यक्ति सामान बेचने या अन्य किसी काम से आता है जो संदिग्ध लगे, तो उसकी गतिविधियों पर ध्यान दें। पहचान पत्र की जांचः बिना वैध पहचान पत्र (आधार कार्ड आदि) और सत्यापन के किसी भी अनजान व्यक्ति को गांव में ठहरने या किराए पर मकान/कमरा न दें। आपस में चर्चा और जागरूकताः गांव के चौक-चौराहों और बैठकों में सुरक्षा के प्रति एक-दूसरे को जागरूक करें। यदि आपके गांव में कोई भी बाहरी या संदिग्ध या अवैध बांगलादेशी व्यक्ति दिखता है, तो तुरंत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी टोल फ्री नंबर पर कॉल करें।

# शहीद किसी एक परिवार या समाज के नहीं, पूरे राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होते हैं : सांसद बृजमोहन

**रायपुर,26 जुलाई।** कारगिल युद्ध में अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान का परिचय देने वाले छत्तीसगढ़ के वीर शहीद कौशल यादव के शहीद दिवस पर शनिवार को राजधानी रायपुर के आकाशवाणी तिराहे पर उनकी प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने शहीद कौशल यादव को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने केवल यादव समाज या छत्तीसगढ़ का ही नहीं, बल्कि पूरे भारत का गौरव बढ़ाया है। उनका बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।



सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद कौशल यादव ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। ऐसे वीर सपूतों को देश कभी भूल नहीं सकता। उन्होंने शहीद के माता-पिता और परिवारजनों को नमन करते हुए कहा कि ऐसे वीर पुत्र को जन्म देने वाला परिवार पूरे राष्ट्र के सम्मान का अधिकारी है।

उन्होंने कहा कि शहीद किसी एक परिवार, समाज या जाति के नहीं होते, बल्कि पूरे देश के होते हैं। उनका सम्मान करना और उनके बलिदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। सांसद श्री अग्रवाल ने रायपुर में सभी वीर सैनिकों और शहीदों की स्मृतियों को एक स्थान पर संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि शहर में एक ÷शहीद गैलरी÷ का निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि काली मंदिर के समीप पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग की दीवार के पास उपलब्ध स्थान पर सभी वीर शहीदों की प्रतिमाएं स्थापित कर एक प्रेरणादायी शहीद गैलरी विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अनेक शहीदों की प्रतिमाएं अलग-अलग स्थानों पर स्थापित हैं, लेकिन यदि उन्हें एक स्थान पर सम्मानपूर्वक संजोया जाए तो यह रायपुर और छत्तीसगढ़ के बच्चों एवं युवाओं के लिए राष्ट्रभक्ति की एक जीवंत पाठशाला बन सकती है। यहां आने वाला हर व्यक्ति देश के वीरों के त्याग और पराक्रम से प्रेरणा प्राप्त करेगा। सांसद श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिकों का विशेष सम्मान करते हुए कहा कि आज यदि देश का प्रत्येक नागरिक सुरक्षित और शांतिपूर्ण जीवन जी पा रहा है तो उसके पीछे भारतीय सेना के जवानों का त्याग, समर्पण और अदम्य साहस है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भारतीय सेना में शामिल होकर राष्ट्रसेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शहीद कौशल यादव की प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रभक्ति, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरणा-स्तंभ है। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने शहीद कौशल यादव के नाम पर चौक निर्माण और प्रतिमा स्थापना के लिए यादव समाज तथा इस कार्य में सहयोग देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त करेगी। कार्यक्रम में नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, नगर निगम सभापति श्री सूर्यकांत राठौर जी, जोन अध्यक्ष श्री अंबर अग्रवाल, श्री मुरली शर्मा, पार्षद श्री अमर गिदवानी, भूतपूर्व सैनिक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## त्रिशताब्दी वर्ष में आचार्य श्रीभिक्षु के अवदान का स्मरण किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 26 जुलाई।** रायपुर स्थित तेरापंथ अमोलक भवन में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा द्वारा निर्देशित आचार्य श्री भिक्षु जन्म त्रि शताब्दी वर्ष संपन्नता समारोह का आयोजन श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, रायपुर द्वारा किया गया। जानकारी देते हुए वीरेंद्र डागा ने बताया कि आयोजन में जैन तेरापंथ धर्मसंघ के प्रथम आचार्य श्री भिक्षु आधारित सुमधुर गीतों का संगान, मंत्रों का जाप करते हुए उनके धर्मसंघ को दिए गए विशिष्ट अवदानो का स्मरण करते हुए भावांजलि अर्पित की गई। आयोजन में श्रावक-श्राविकाओं की गरिमामय उपस्थिति रही विशेष रूप से सतपाल जैन, इंदर पारख, बसंत जैन, वीरेंद्र डागा, गौरव दुगड़, आकाश बैद, ललिता धारिवाल, ज्योति बैद , रश्मि डागा, अभय गोलछा उपस्थित रहे।

## पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्मेन्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में शाला विकास समिति का गठन, कोमल शर्मा बने अध्यक्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 26 जुलाई।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्मेन्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल भाटापारा में शाला विकास समिति का गठन किया गया । जिसमें स्कूल के प्रिंसिपल केशव देवांगन एवम शिक्षक स्टाफ के द्वारा चयन में पारदर्शिता रखने के लिए लॉटरी सिस्टम का उपयोग करते हुए शासन के निर्देशानुसार स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के पालको में से शाला विकास समिति के सदस्य , अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव होना था। उपस्थित पालको में से नियमो का पालन करते हुए एलकेजी से लेकर 12 ह्वद्ध क्लास तक प्रत्येक कक्षा से एक महिला सदस्य एवं एक पुरूष सदस्य का लाटरी सिस्टम में नाम निकाला गया जिसके बाद चयनित 15 सदस्यों के द्वारा प्राचार्य कक्ष में अध्यक्ष के दावेदारो के नामो की लॉटरी बनाकर ड्रा किया गया जिसमें 11 पालको ने अध्यक्ष के लिए दावेदारी की। जिसमे ड्रा निकालने के लिए पालक के रूप में रोशन साहू को आमंत्रित किया गया जिनके द्वारा लाटरी में अध्यक्ष के लिए कोमल शर्मा और उपाध्यक्ष में सरिफा बानो के नाम की पर्ची निकाली गई । पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्मेन्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल के अध्यक्ष बने कोमल शर्मा , उपाध्यक्ष सरिफा बानो एवम सचिव स्कूल के प्रिंसिपल केशव देवांगन नियुक्त किये गए । वही विद्यालय प्रतिनिधि के रूप में लक्ष्मीकांत गबेल और शेफाली डहाट की नियुक्ति की गई एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के रूप में पार्षद गेन्दराम साव को मनोनीत किया गया सभी चयनित पदाधिकारीयो को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की ।

## गंज चौक शॉपिंग काम्प्लेक्स जीर्णोद्धार कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 जुलाई।** नगर निगम की आय में वृद्धि के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित पुरानी व्यवसायिक परिसरो का जीर्णोद्धार करने बीडा उठाया गया है। इसी कडी में उन्होंने निगम स्वामित्व की टाउन हॉल कार्यालय के पास जी.ई.रोड की दुकानों एवं कस्तुरबा महिला मण्डल की ओर की दुकानो का मरम्मत करने दुकानदारो के साथ बैठक कर विभागीय प्रक्रिया करने के निर्देश दिए थे। वही गंज चैक के पास निर्मित जीर्ण-क्षीर्ण व्यवसायिक परिसर का जीर्णोद्धार करने गत सप्ताह उनके द्वारा निरीक्षण कर मरम्मत कार्य चालू करने निर्देशित किया गया था। निर्देशानुसार उक्त काम्पलेक्स का मरम्मत चालू किया गया, जिसका महापौर श्री यादव ने आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, पार्षद श्री मनोहर यादव, पूर्व पार्षद श्री विजय राय के साथ निरीक्षण कर मरम्मत कार्य प्रगति की जानकारी ली। गंज चैक व्यवसायिक परिसर के जीर्णोद्धार के तहत काम्पलेक्स की सफाई कर मरम्मत चालू कर दिया गया है। महापौर श्री यादव ने निरीक्षण कर कहा कि काम्पलेक्स जर्जर हो रहा था, जिसे अस्तित्व में लाने मरम्मत कराया जा रहा है। मरम्मत के तहत प्लास्टर पेंट, पुट्टी रैलिंग, सीढ़ी,बिजली आदि दुरूस्त किया जायेगा। इसके अलावा नाली एवं पुलिया निर्माण कर पेवरब्लाक लगाया जायेगा, ताकि उक्त काम्पलेक्स का सदुपयोग किया जा सके। उन्होंने अधिकारियो एंव ठेकेदार से कहा कि सभी कार्य करने मेन पावर बढ़ाए और समय सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे, प्रतिदिन कार्य की मानिटरिंग कर कार्य में गति लावे। जीर्णोद्धार पश्चात दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया की जावेगी, जिससे निगम के आय में वृद्धि होगी। आयुक्त श्री मरकाम ने अधिकारियो से कहा कि काम्पलेक्स का जीर्णोद्धार कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने की दिशा में कार्य करे, कार्य में गति लावे, मरम्मत कार्य में किसी प्रकार का अवरोध न हो इसका ध्यान रखा जाए, ताकि तय समय सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे सहित तकनीकि अमला उपस्थित था।

## सरोरा के औद्योगिक परिसर में किया गया वृहद पौधारोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 26 जुलाई।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, रायपुर इकाई के तत्वावधान में शुक्रवार को ग्राम सरोरा स्थित औद्योगिक परिसर हाईटेकपावर एंड स्टील, महिंद्रा स्पंज एंड पावर संभव ट्यूब एंड पाइप सरोरा में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सम्मेलन के पदाधिकारियों, सदस्यों, स्थानीय उद्योगपतियों और बड़ी संख्या में समाज के युवाओं ने मिलकर परिसर में छायादार, फलदार और औषधीय प्रजातियों के 500 से अधिक पौधे रोपे। नीम, पीपल, बरगद, आम, जामुन और अशोक के पौधे विशेष रूप से लगाए गए।

इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष ईश्वर चंद्र अग्रवाल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में हरियाली घट रही है। ऐसे में उद्योगों के आसपास वृक्षारोपण करना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। सरोरा औद्योगिक परिसर को ग्रीन जोन के रूप में विकसित करने की दिशा में यह पहला कदम है। उन्होंने बताया कि लगाए गए सभी पौधों की देखरेख के लिए स्थानीय उद्योग संघ और सम्मेलन के युवा प्रकोष्ठ संयुक्त रूप से जिम्मेदारी लेंगे। अगले 3 वर्षों तक पौधों की सिंचाई, सुरक्षा और निगरानी की व्यवस्था भी की जाएगी। वृक्षारोपण में सम्मेलन के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला मंडल की सदस्याएं, सरोरा क्षेत्र के उद्योगपति और बच्चे शामिल हुए। सभी ने पर्यावरण बचाने का संकल्प लेते हुए प्लास्टिक का उपयोग कम करने और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। समाजसेवियों ने कहा कि इस तरह के अभियान न केवल तापमान को नियंत्रित करेंगे बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और बेहतर जीवन भी सुनिश्चित करेंगे।




# नगर निगम नागरिकों की सुविधाओं के लिए कर रहा बेहतर कार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 जुलाई।** नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सफाई, जल निकासी, सड़क मरम्मत, पौधरोपण, मवेशी नियंत्रण तथा अधोसंरचना सुधार से संबंधित विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है। नगर निगम की टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी कचरा संग्रहण स्थलों एवं रिक्त भूमि पर डाले गए कचरे की नियमित सफाई जेसीबी एवं टिप्पर के माध्यम से की जा रही है। साथ ही नागरिकों को सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं डालने के लिए लगातार समझाइश भी दी जा रही है। खैरागढ़ रोड सहित अन्य क्षेत्रों में भी डम्प कचरे का नियमित उठाव किया जा रहा है। वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए बड़े नालों, नालियों एवं जल निकासी मार्गों की नियमित सफाई कराई जा रही है। जिला अस्पताल के सामने स्थित नाले तथा अस्पताल परिसर के आसपास की नालियों की विशेष रूप से सफाई कराई गई है।



जहां आवश्यक है, वहां कच्ची नालियां बनाकर जल निकासी सुनिश्चित की जा रही है। नया बस स्टैण्ड, नगर निगम कार्यालय परिसर एवं शीतला मंदिर क्षेत्र में भी जलभराव की स्थिति बनने पर त्वरित निकासी की व्यवस्था की जा रही है। स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए रानी सागर क्षेत्र में कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया गया है तथा अतिक्रमण एवं अवैध कब्जों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम द्वारा शहर की जर्जर सड़कों के संधारण एवं मरम्मत के लिए पेचवर्क कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। आगामी गणेश उत्सव एवं वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए विभिन्न वार्डों में सड़क सुधार कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। डामर उपलब्ध होते ही शेष सड़कों का डामरीकरण भी कराया जाएगा। चौपाटी, रानी सागर मार्ग तथा चिखली तालाब के किनारे स्थित सड़क की मरम्मत एवं संबंधित कार्य भी प्रक्रियाधीन हैं। शहर में विद्युत सुरक्षा एवं सुचारू प्रकाश व्यवस्था के लिए जर्जर विद्युत पोल हटाने संबंधी प्रस्ताव विद्युत मंडल को भेजे गए हैं। जिला अस्पताल के समीप नाली के बीच स्थित विद्युत पोल को हटाने की प्रक्रिया भी विद्युत विभाग द्वारा की जा रही है। बारिश के कारण शॉर्ट सर्किट से प्रभावित स्ट्रीट लाइटों का सुधार वर्षा थमते ही किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन मवेशी पकडने का अभियान संचालित कर उन्हें कांजी हाउस पहुंचाया जा रहा है। रात्रिकाल में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्रवाई भी लगातार की जा रही है। शहर में चिन्हित जर्जर भवनों के स्वामियों को नोटिस जारी कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिला अस्पताल कॉलोनी एवं उद्योग विभाग के जर्जर भवनों को खाली कराने की प्रक्रिया जारी है, जिसके पश्चात नियमानुसार उन्हें हटाया जाएगा। नागरिक सुविधाओं के विस्तार के तहत पुराने एवं नए बस स्टैण्ड में सार्वजनिक शौचालयों का नियमित संचालन किया जा रहा है। वहीं गोलबाजार में निर्मित अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय के संचालन के लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है, जिसकी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद इसे आमजन के लिए प्रारंभ किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम ने इस वर्ष वर्षा ऋतु में लगभग 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। डिवाइडरों, स्टेट स्कूल उद्यान सहित विभिन्न स्थलों का चयन कर पौधरोपण की तैयारियां की जा रही हैं। गर्मी के कारण प्रभावित पौधों के संरक्षण के लिए नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से सिंचाई भी की जा रही है। गुरूद्वारा के समीप बुढ़ासागर क्षेत्र में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के अधूरे कार्य पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर भुगतान रोका गया है तथा वैधानिक कार्रवाई करते हुए नई निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया

**राजनांदगांव 26 जुलाई।** आवेदिका निर्मला साहू पति संतोष साहू उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम जराही थाना सोमनी जिला राजनांदगांव की थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 01.07.2026 के सुबह 06.00 बजे से दिनांक 19.07.2026 दोपहर 02/00 बजे के मध्य। घर के संदुक मे रखे सोने के खिनवा एक जोड़ी वजन लगभग 1/2 तोला कीमती लगभग 20,000/-रूपये एवं एक जोडी सोने का बाला 2 ग्राम किमती लगभग 10000/-रुपए, एक जोड़ी चांदी की पायल कीमती 10,000/- रुपए, एवं किचन में रखे गैस सिलेंडर व गैस का चूल्हा कीमती 5000/- रुपए, कुल कीमती 45,000/- रुपए, को कोई अज्ञात चोर द्वारा घर अंदर कमरा के कमरे में लगे ताला को तोड़कर चोरी कर ले जाना बताकर लिखित आवेदन पत्र पेश किया। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर 305 (क), 331 (2) बीएनएस. का घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की सूचना जरिये मोबाईल फोन के माध्यम् से वरिष्ठ कार्यालय को दिया गया बाद बाद श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय् सुश्री अंकिता शर्मा (भा0पु0से0) के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अलेक्जेंण्डर किरो के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक दिलीप पटेल के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण कर मुखबीर सूचना पर से संदेही सूचना पर आरोपीयों को हिरासत में लेकर पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किये जाने पर अरोपीयों का मेमोरण्डम कथन लेख किया गया, आरोपीयों के निषादेही पर चोरी गये चोरी चांदी के जेवरात, गैस सिलेण्डर, चूल्हा एवं घटना में प्रयुक्त हसिया व ई रिक्सा क्रमांक- सी.जी. 08 बी.ई. 5030 को गवाहो के समक्ष बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपी 1. संतोष साहू पिता गहिरूराम साहू उम्र 50 साल निवासी सृष्टि कालोनी अटलआवास कौरिनभांठा वार्ड नं. 45 राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव(छ.ग.) 2. महेष्वर यादव पिता सिताराम यादव उम्र 45 साल निवासी ग्राम जराही थाना सोमनी जिला राजनांदगांव(छ.ग.) 3. धरमदास उर्फ धर्मदास चतुर्वेदी पिता कांताप्रसाद चतुर्वेदी उम्र 28 साल निवासी मोतीपुर रामनगर वार्ड क्रमांक 08 ओपी चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव(छ.ग.) का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से गिरफ्तारी के कराणों को अवगत कराकर विधिवत दिनांक 24.07.26 के क्रमशः 21/40, 21/50, 22/00 बजे।



# यहां तक आते-आते सूख जाती है कई नदियां... मुझे मालूम है पानी कहां ठहरा हुआ होगा...


नीट-यूजी पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग तेज है, इसी बीच करीब 3 दशक पुरानी घटना फिर चर्चा में आ गई है। सोशल मीडिया पर रिपोर्ट वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया है, धर्मेंद्र प्रधान ने 1997 में ओडिशा में हुए एक कथित पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन किया था, लोग इसे आज की स्थिति से जोड़कर देख रहे हैं, इधर जो बच्चों को निर्ममता से मारे जाने पर खुश हैं, लडकियों के कपड़े फाड़े जाने पर बेहूदे तर्क भी दे रहे हैं, किसान आंदोलन को भी बिल वापस लेने के पहले तक कोस रहे थे, आदिवासियों के हक की लड़ाई को हमेशा नक्सली बताते हैं..., बलात्कार तक का धर्म और जाति के नाम पर समर्थन करते हैं, विकास के नाम पर प्राकृतिक संसा धनों के दोहन, पर्यावरण क्षरण के समर्थक हैं, सरकारी कर्मचारियों के हक की किसी लड़ाई की आलोचना करते हैं..., मज़दूर विरोधी कानूनों का समर्थन करते हैं, जिन्हें लगभग 95 हजार सरकारी स्कूल बन्द होने से कोई सम स्या नहीं है.., पेट्रोल मे एथनॉल मिलाये जाने को जस्टीफाई कर रहे हैं भले ही इनकी गाड़ी खराब हो जाय... और तो और पवित्र राम मन्दिर मे हुई चंदा चोरी को भी लेकर तर्क गढ़ रहे हैं...?

### अपनों से ही घिरी है साय सरकार...

छत्तीसगढ़ की साय सरकार में सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है, यह बताने का प्रयास तो होता है पर जिस तरह से वरिष्ठ सांसद तथा भाजपा के छ्ग बनने के बाद संकटमोचन कहे जाने वाले बृजमोहन अग्रवाल से 'ट्रीट' हो रहा है वह किसी से छिपा नहीं है, वहीं विधानसभा में जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ विधायक सवाल उठाकर साय सरकार को कटघरे में खड़े कर रहे हैं वह भी चर्चा में हैं, सरकार के खिलाफसवाल पूछने वालों में भाजपा, प्रमुख विपक्षी दल कॉंग्रेस से भी आगे चल रही है, दरअसल पुराने विधायकों की उपेक्षा कर जिस तरह से नौ- सीखियों को मंत्री बनाया गया है वह भी सरकार की छवि बनाने में अभी तक तो सफल नहीं हो सकें हैं?छ्ग में साय सरकार 2023 में बनी और अभी 2026 चल रहा है, आधा कार्यकाल पूरा हो चुका है, हाल - फिलहाल के मानसून सत्र को छोड़ दें तो अभी तक 12 हजार से भी अधिक सवाल लगाये गये। पूर्व विस अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर, भावना वोहरा 284 सवाल, धर्मजीत सिंह 280 सवाल (सभी भाजपा) पूछ कर सरकार को कटघरे में खड़ा किया, आलम यह रहता है, मंत्रियों से इनकी तानातनी भी हो जाती है। भाजपा के युवा विधायक सुशांत शुक्ला 271, राजेश मूणत 245 सवाल, पुन्नूलाल मोहिले 283 सवाल पूछ चुके हैं, जहाँ तक विरोधी कांग्रेस का मामला है तो नेता प्रतिपक्ष डॉ









चरणदास महंत 276, शेषराज हरवंश 272, दलेश्वर साहू 280, दिलीप लहरिया 279, अनिला भेंड़िया 223, सावित्री मनोज मंडावी 240, हर्षिता बघेल और 264, उमेश पटेल 240 सवाल पूछकर साय सरकार को घेरने का प्रयास कर चुके हैं।

छग के 90 विधायकों में शून्य सवाल पूछने यानि एक सवाल नहीं पूछने का रिकार्ड भाजपा के अमर अग्रवाल के नाम दर्ज है तो दूसरे नंबर पर भैयालाल राजवाड़े 18 सवाल, तीसरे नंबर पर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री तथा विधायक रेणुका सिंह के नाम है उन्होंने अभी तक 24 सवाल ही पूछे हैं।



### आईएएस अनुराग जैन होंगे नीति आयोग के नये सीईओ...

मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव 1989 बैच के आईएएस अनुराग जैन नीति आयोग के नए चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) बनाए गये हैं। इस संबंध में डीओपीटी ने आदेश जारी कर दिए हैं। मप्र मुख्य सचिव अनुराग जैन का कार्यकाल 30 अगस्त 26 को समाप्त होने जा रहा था।।उसके पहले केंद्र सरकार ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जवाब दारी दी है।वे अविभाजित मप्र के समय छ्ग में पदस्थ रह चु के हैं। अनुराग, बीवीआर सुब्रह्मण्यम का स्थान लिया हैं, बीवीआर छ्ग काडर के आईएएस थे।जिनका कार्य काल फरवरी 26 में पूरा हो गया था।

### 6 रुपये में बिजली बेच रही सरकार, 1.94 में खरीदी...

छ्ग सरकार लगातार बिजली की दरों में वृद्धि कर रही है, वहीं स्मार्ट मीटर से बिजली बिल अधिक आने के आरोप लग रहे हैं ऐसे में अब सरकार सोलर उपभोक्ताओं से बिजली खरीदने की दर कम करके एक और झटका दिया है। छ्ग सरकार खुद औसत 6 रुपये यूनिट बिजली बेच रही है, लेकिन सोलर उपभोक्ताओं से सिर्फ?1.94 में खरीदने का फैसला लिया है पहले रुपये 2. 50/यूनिट की दर से खरीदी होती थी, रेट घटाकर रुपये 1.94 करना सोलर उत्पादकों के साथ धोखे का आरोप कांग्रेस लगाया है।

### पूर्व क्रिकेटर राजेश पर धोखोधड़ी का आरोप...

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, व्यवसायी राजेश चौहान पर 17. 52 लाख ? की धोखाधड़ी का आरोप लगा है, जिंदल इस्पात क्योंझर (ओडिशा) में ट्रांसपोर्ट ठेका दिलाने, साझेदारी में अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा दे ठेकेदार दिनकर विश्वमित्र से रकम ली, पीड़ित ने अदालत का रुख किया, जेएमएफसी कोर्ट ने मोहन नगर पुलिस को एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। अधिवक्ता सौरभ चौबे ने बताया ÷दिन कर की मुलाकात राजेश चौहान से उनके दोस्त सरोज कुमार के जरिये हुई थी, बात चीत के दौरान राजेश, उनकी गोविंद ट्रांसपोर्ट कंपनी को जिंदल इस्पात से आयरन, अन्य सामग्री के परिवहन का ठेका मिला है।उन्होंने कथित वर्क ऑर्डर, अन्य दस्तावेज भी दिखाए, इसके बाद 30 जुलाई 2021में दोनों के बीच इकरारनामा हुआ, दिनकर ने पहले 2.51 लाख दिए, बाद में दो किस्तों में 15.01लाख और ट्रांसफर किये।काम शुरू नहीं होने पर दिनकर ओडिशा पहुंचा जहां कंपनी से पता चला कि राजेश चौहान या उनकी कंपनी को ऐसा कोई ठेका मिला ही नहीं था।



### और अब बस...

- छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का कार्य काल 12 जुलाई को पूरा हो गया है। आमतौर पर पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी तीन साल के लिए दी जाती है।
- महादेव सट्टा ऐप मामले की जांच में दावा किया गया है कि फरार आरोपी सौरभ चन्द्राकर ने कथित तौर पर श्रीलंकाई क्रिकेटर के नाम में हेरफेर कर फर्जी इंडोनेशियाई पासपोर्ट बनवाया है?


## एक नजर

### चित्रकला व निबंध स्पर्धा आयोजित

**रायपुर 26 जुलाई।** नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए निगम के सभा कक्ष में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला (ड्रॉइंग) प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में हितग्राहियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आवास से लाभान्वित परिवारों के सदस्यों की रचनात्मकता को सामने लाना तथा निगम और हितग्राहियों के बीच बेहतर समन्वय एवं संवाद के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर नंदलाल देवांगन उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयुक्त युगल किशोर उर्वशा, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के नोडल अधिकारी धन्नू लाल देवांगन, सहायक नोडल अधिकारी कृष्णा विजय सिंह, सीएलसीटी आर्किटेक्ट तथा निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इन्दुभवानन्द महाराज का द्वितीय चातुर्मास व्रतानुष्ठान 29 से

**रायपुर, 26 जुलाई।** दण्डी स्वामी डॉ इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज का द्वितीय चातुर्मास व्रतानुष्ठा 29 जुलाई से प्रारंभ होकर 26 सितंबर तक श्री जगदुरु शंकराचार्य आश्रम, बोरियाकला, रायपुर में आयोजित होगा। इस अवधि में प्रतिदिन वैदिक अनुष्ठान, पूजन, रुद्राभिषेक और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। चातुर्मास्य व्रतानुष्ठान के दौरान प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक वेदपाठ होगा। इसके अलावा प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकाल भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुन्दरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का पूजन एवं श्रीचक्रार्चन किया जाएगा। श्रावण मास में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण तथा 11 बजे से रुद्राभिषेक होगा। वहीं सायंकाल भगवान सिद्धेश्वर महादेव का वैदिक विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया जाएगा।



# कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर के निर्देश

## फेसबुक पर महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी

**रायपुर 26 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर महिलाओं के खिलाफआपत्तिजनक व अमर्यादित टिप्पणियां, तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करने के मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने प्रकरण पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और प्राथमिक दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

फेसबुक पर महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध टिप्पणी, फोटो और वीडियो पोस्ट करने को लेकर आयोग ने त्वरित कार्रवाई की है।आरोपी संजय बघेल (पूर्व पार्षद एवं प्रभारी महामंत्री, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, भाटापारा शहर) और सुरेन्द्र वर्मा (कांग्रेस पदाधिकारी, बिलासपुर) पर यह आरोप लगे हैं।

आयोग अध्यक्ष ने एसपी बलौदाबाजार और एसपी बिलासपुर से बात कर आईटी एक्ट की धारा 67 तथा भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

विशेष रूप से एआई निर्मित आपत्तिजनक फोटो-वीडियो की जांच और इसे तैयार/शेयर करने वालों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं।महिला आयोग ने पुलिस प्रशासन को मामले में प्राथमिकी दर्ज कर 3 दिनों के भीतर कृत कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को कांग्रेस ने बताया युवा शक्ति की जीत

**रायपुर, 26 जुलाई।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर तेज हो गया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. शिवकुमार डहरिया ने इस घटनाक्रम को लोकतंत्र और देश के करोड़ों छात्रों एवं युवाओं की जीत बताया। उन्होंने कहा कि परीक्षा धांधली और पेपर लीक के खिलाफ लंबे समय से चल रहे विरोध और युवाओं के आक्रोश के आगे केंद्र सरकार को आखिरकार झुकना पड़ा।

डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि देशभर के छात्रों और युवाओं ने लगातार अपनी आवाज बुलंद की, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा स्वीकार करना पड़ा। उनके अनुसार यह केवल एक व्यक्ति का इस्तीफा नहीं, बल्कि युवाओं की एकजुटता, लोकतांत्रिक संघर्ष और जनदबाव की सफलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लगातार छात्रों और युवाओं के हितों की आवाज उठाई। राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग को मजबूती से देश के सामने रखा। उन्होंने दावा किया कि पिछले 56 दिनों से लगातार छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया, जिसके कारण सरकार पर दबाव बढ़ा और अंततः उसे निर्णय लेना पड़ा।

# आयुष्मान का भुगतान नहीं, लौटाए जा रहे मरीज : कांग्रेस

**रायपुर 26 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कारण प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधा बदहाल हो गयी। भाजपा सरकार के राज में विकास कार्य तो दम तोड़ ही रहे थे। अब पैसों के अभाव में मरीजों के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है उनका इलाज नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार आयुष्मान कार्ड का भुगतान कर मरीजों के इलाज की सुविधा बहाल करें।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में आयी है, स्वास्थ्य सेवा बुरी तरह से बदहाल हो चुका है। आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों को निःशुल्क उपचार देने वाले अस्पतालों का लंबे समय से भुगतान लंबित है। प्रदेश के कई छोटे-बड़े अस्पताल मरीजों के इलाज से हाथ खड़े करने लगे हैं और तरह-तरह के बहाने बनाकर मरीजों को बिना इलाज़ के लौटा रहे हैं। कई अस्पताल आधा भुगतान नगद लेन की शर्त पर ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं। छोटे और मझोले अस्पताल जो ज्यादातर आयुष्मान कार्ड के भरोसे ही इलाज पर निर्भर थे, वहां तालाबंदी की स्थिति बन चुकी है।



भारतीय जनता पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य सहायता योजना का सरकारी अस्पतालों का भी भुगतान नहीं हुआ है, इसके चलते स्वास्थ्य सुविधा बुरी तरह चरमरा गया है। भाजपा सरकार का फोकस केवल कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में है। साय सरकार में प्रदेश में दम तोड़ रही है स्वास्थ्य व्यवस्था से इलाज के अभाव में जनता बेमौत मरने मजबूर है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य का इंफ्रास्ट्रक्चर 2018 की तुलना में ढाई गुना बेहतर विकसित किया था। सभी जिला अस्पतालों को मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल के तौर पर विकसित किया था। ब्लॉक के अस्पतालों में भर्ती की सुविधाएं विकसित की थी।





# संगठन की मजबूती व बूथ स्तर तक कांग्रेस को सशक्त बनाने पर जोर



**रायपुर 26 जुलाई।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज शहीद पंकज विक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठनात्मक विषयों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी विजय जांगिड़ एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन सृजन अभियान, बूथ समितियों के गठन एवं सक्रियता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को अधिक प्रभावी बनाने, वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत करने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि कांग्रेस की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता और बूथ स्तर का मजबूत संगठन है। उन्होंने प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता से बूथ समितियों को सक्रिय करने, नियमित जनसंपर्क बनाए रखने तथा संगठन के कार्यक्रमों को घर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने ब्लॉक एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों से नियमित बैठकें आयोजित करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा जनहित के मुद्दों पर जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहने का आग्रह किया।

# 'हर घर तिरंगा अभियान' के लिए भाजपा ने सौंपी जिम्मेदारी

**रायपुर 26 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा अभियान' (11 से 15 अगस्त) आयोजित करने जा रही है। अभियान के सुचारू संचालन, क्रियान्वयन एवं समन्वय हेतु प्रदेश स्तर पर समिति का गठन कर दायित्वों की घोषणा की गई है। भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने यह जानकारी दी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के निर्देशानुसार प्रदेश स्तर पर अभियान के क्रियान्वयन हेतु गठित समिति में संयोजक यशवंत जैन, सह-संयोजक सतीश लाठिया सहित जितेन्द्र वर्मा, श्रीमती विभा अवस्थी व राहुल टिकरिहा सदस्य नियुक्त किए गए हैं। डॉ. मार्कण्डेय ने बताया कि इससे पहले इस अभियान की केंद्रीय समन्वय समिति मे छत्तीसगढ़ से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव को शामिल किया गया है। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा कि 'हर घर तिरंगा अभियान' के माध्यम से युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने हेतु प्रदेशभर में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26